दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 48 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, रविवार 08 मार्च, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# मोदी जो कहते हैं, वह करते हैं और जो करते हैं वही कहते हैं, हर घर में नल का पानी और हर खेत में पानी पहुंचेगा : भजनलाल शर्मा

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा में कोटा बूंदी ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट का किया शिलान्यास, केंद्रीय मंत्री राम मोहन भी रहे मौजूद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम से सीधा लाइव जुड़े, कार्यक्रम में सरकार के मंत्री हीरालाल नागर,गौतम कुमार और कोटा संभाग के विधायक और मंत्री भी रहे मौजूद, मुख्यमंत्री शर्मा ने दो बड़ी जल परियोजनाओं की भी सौगात दी**




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कोटा के शंभूपुरा में कोटा बूंदी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का शिलान्यास किया। इस भव्य कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री राममोहन और राजस्थान सरकार के मंत्री हीरालाल नगर गौतम कुमार के अलावा कोटा संभाग के भारतीय जनता पार्टी के सभी विधायक और मंत्री भी शामिल रहे। इस भव्य कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में कहा कि कोटा बूंदी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के संचालन से आने वाले दिनों में कोटा शिक्षा के क्षेत्र में तो हब है ही इसके अलावा उद्योग के क्षेत्र में भी बड़ा हब बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं वह करते हैं जो करते हैं वही कहते हैं ।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब पिछले चुनाव में कोटा में आए थे तो उन्होंने कोटा बूंदी ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट का वादा किया था आज वह वादा पूरा हो रहा है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि भाजपा हमेशा से ही जो वादा करती है उसको पूरा करती है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और आशीर्वाद से प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने पानी, बिजली, सड़क, चिकित्सा, शिक्षा, उद्योग, रोजगार, पर्यटन हर क्षेत्र में पिछले 2 साल में उल्लेखनीय कार्य किए हैं हमारी सरकार ने पिछले 2 साल में जो कार्य किया उतने कार्य प्रदेश में पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार ने 5 साल में भी नहीं किया। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हमने पार्टी के संकल्प पत्र के अधिकांश वादों में क्यों को पूरा कर दिया और कई वादे प्रक्रिया में चल रहे हैं इसी तरह से अब तक हमारी सरकार ने राजस्थान विधानसभा में जितने भी बजट प्रस्तुत किये उन सभी बजट के अधिकांश वादों को या तो पूरा कर दिया है या फिर प्रक्रिया में चल रहे हैं ।

## हमने 2 साल में 8261 मेगावाट बिजली उत्पादन किया, 2027 में सभी किसानों को दिन में बिजली देंगे

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमने पिछले दो साल में बिजली के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। बिजली उत्पादन में राजस्थान का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है और पिछले 2 साल में हमारी सरकार के कार्यकाल में 8261 मेगावाट रिकॉर्ड बिजली का उत्पादन हुआ है आने वाले सालों में हम बहुत जल्दी ही बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने जा रहे हैं क्योंकि सौर ऊर्जा उत्पादन में भी राजस्थान पूरे देश में नंबर वन पर है। प्रदेश में किसान खेती के अलावा सौर ऊर्जा का उत्पादन भी कर रहे हैं किसान अब बिजली उत्पादक बन रहा है इसलिए पिछले 2 साल में प्रदेश में कहीं भी बिजली को लेकर किसानों को सड़कों पर नहीं आना पड़ा प्रदेश के 22 जिलों में किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है और वर्ष 2027 में प्रदेश के सभी किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाई जाएगी क्योंकि हमारी सरकार बिजली उत्पादन पर तेजी से कार्य कर रही है जिसके अच्छे नतीजे भी सामने आ रहे हैं। हम बहुत जल्दी ही बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने वाले हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड़ के समझौते किए और इन समझौते के क्रियान्वयन की दिशा में हमारी सरकार तेजी से कार्य कर रही है और एक-एक समझौते को पूरा करने के लिए देश और विदेश के निवेशकों से हमारी सरकार सतत रूप से संपर्क कर रही है जिसकी वजह से 8 लाख करोड़ के समझौते धरातल पर आ गए हैं ।सरकार रोजाना इन समझौते के क्रियान्वयन के लिए उद्योगपतियों को जमीन और अन्य सुविधा उपलब्ध करवा रही है इसलिए प्रदेश में उद्योगों का एक नया माहौल बन रहा है जो रोजगार के अच्छे अवसर तो पैदा कर ही रहा है इसके अलावा प्रदेश की इकोनॉमी को मजबूत करने में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और प्रदेश विकसित राजस्थान की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है ।

## युवाओं के लिए 2 साल में कई बड़े फैसले लिए, रोजगार देने के अलावा युवाओं के लिए अलग से नीतियां बनाई

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में कहा कि पिछले 2 साल में हमारी सरकार ने प्रदेश के युवाओं के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए कई बड़े फैसले लिए जिसमें एक तरफ जहां युवाओं को बड़ी संख्या में सरकारी नौकरी मिली तो दूसरी तरफ निजी क्षेत्र में भी युवाओं को निरंतर बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध करवाया जा रहा है । मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हमने चार लाख सरकारी नौकरी और 6 लाख नौकरी निजी क्षेत्र में देने का वादा किया था इस वादे को हम प्रमुखता से पूरा कर रहे हैं मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हमने अब तक सवा दो लाख सरकारी नौकरी उपलब्ध करवा दी है और करीब 135000 नौकरियां प्रक्रिया में है इसके अलावा जनवरी महीने में हमने एक नई सरकारी नौकरियों का कैलेंडर जारी किया था लेकिन अब एक लाख की जगह 125000 सरकारी नौकरियों का कैलेंडर जारी किया गया है जिसमें यह बताया गया है कि कौन सी परीक्षा किस महीने में और कितने पदों के लिए आयोजित की जाएगी। परीक्षा का रिजल्ट इत्यादि सभी के बारे में कैलेंडर में बताया गया है उन्होंने कहा कि पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार में पूरे 5 साल तक राजस्थान का युवा सड़कों पर रहा नौकरी के लिए तरसता रहा और एक के बाद एक सरकारी भर्ती परीक्षा में पेपर लीक होते रहे सरकार से जुड़े लोगों के प्रिय जनों को नौकरी मिलती रही। ग्रामीण और गरीब युवा नौकरी के लिए भटकता रहा लेकिन पिछले 2 साल में हमारी सरकार के कार्यकाल में सैकड़ो सरकारी भर्ती परीक्षाओं का आयोजन हुआ लेकिन एक भी भर्ती परीक्षा का पेपर लीक नहीं हुआ यह हमारी सरकार की सबसे बड़ी सफलता है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के युवाओं को रोजगार लेने वाला नहीं बल्कि रोजगार देने वाला बनाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है और युवाओं को अपना कारोबार स्थापित करने के लिए प्रेषित कर रही है इसके लिए युवाओं को ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के सभी जिलों में रोजगार मेला आयोजित करके जिला स्तर पर ही युवाओं को निजी क्षेत्र की कंपनियों में नौकरियां देने की दिशा में भी तेजी से कार्य कर रही है इसीलिए पिछले 2 साल में निजी क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में युवाओं को नौकरी मिली है।

## हर घर में नल का जल और हर खेत में पहुंचेगा पानी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार के पहले कार्यकाल में ही प्रदेश के सभी जिलों के लोगों के पीने के पानी की समुचित व्यवस्था करने और प्रदेश के सभी जिलों के किसानों को खेती के लिए समुचित पानी उपलब्ध कराने की दिशा में कई बड़े फैसले और निर्णय लिए जिसमें रामसेतु जल परियोजना यमुना जल समझौता जैसे बड़े निर्णय लिए गए जिन पर तेजी से कार्य हो रहा है। इसके अलावा प्रदेश के बांध तालाब झील और नहरी तंत्र को मजबूत करने तथा उनके विस्तार के लिए सरकार ने कई बड़े फैसले लिए हैं जिसके अच्छे नतीजे भी सामने आ रहे हैं । हमारी सरकार दूर दृष्टि और आने वाले सालों को देखते हुए हर क्षेत्र में निर्णय ले रही है ताकि भविष्य में आमजन और कृषक को पानी की समस्या से जूझना नहीं पड़े उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश भर में बड़ी-बड़ी जल परियोजनाओं पर काम कर रही है हमारी सरकार की प्राथमिकता है प्रदेश के हर घर में नल का जल और हर खेत में पानी पहुंचे इसी दिशा में हम काम कर रहे हैं ।

## हमने हर क्षेत्र में व्यापक कार्य किया

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि गरीब मजदूर महिला और किसान के कल्याण और विकास को प्राथमिकता के तौर पर लिया हुआ है इनके विकास में हमने पिछले दो साल में कोई कमी बाकी नहीं छोड़ी है हमारी सरकार ने पर्यटन, धार्मिक स्थलों की सुरक्षा औरविस्तार, वनों और वन्यजीवों की सुरक्षा और विस्तार, महिला सुरक्षा, अपराधों पर अंकुश, कानून और शांति व्यवस्था, वृक्षारोपण इत्यादि सभी क्षेत्रों में ऐतिहासिक कार्य किए हैं जिसके अच्छे नतीजा भी सामने आ रहे हैं मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने की दिशा में विकसित राजस्थानर की परिकल्पना में हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है ।

## कोटा अब उद्योग का भी बड़ा हब बनेगा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कोटा उच्च शिक्षा का पूरे देश में सर्वोत्तम केंद्र है कोटा शिक्षा का हब तो पहले से माना जाता है ही अब आने वाले दिनों में उद्योग का भी हब बनेगा उन्होंने कहा कि कोटा बूंदी ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट के संचालन से यहां औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों के अलावा पर्यटन की गतिविधियों में भी तेजी से विस्तार होगा रोजगार के अवसर बढ़ेंगे यहां पर रीको की और से एक नया इंडस्ट्रियल एरिया किया जा रहा है यहां पानी बिजली की अच्छी व्यवस्था पहले से ही मौजूद है रेल और सड़क कनेक्टिविटी भी लगातार बढ़ती जा रही है और अब इस एयरपोर्ट के शुभारंभ के बाद हवाई यातायात की सुविधाओं में भी तेजी से विस्तार होगा जिसकी वजह से कोटा में देश और विदेश के उद्योगपतियों का इन्वेस्ट करने में ज्यादा रुझान अपने आप ही होगा इसलिए आने वाले दिनों में कोटा शिक्षा के बाद उद्योग का भी हब बनेगा ।

# भाजपा मीडिया विभाग द्वारा होली स्नेह मिलन समारोह का भव्य आयोजन, भजनलाल मदन राठौड़ रहे उपस्थित







**होली स्नेह मिलन समारोह में शेखावाटी के कलाकारों द्वारा चंग और ढाप की धमाल प्रस्तुत, उत्साह और उमंग के माहौल में झूम उठे दर्शक**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** भारतीय जनता पार्टी, राजस्थान के प्रदेश मीडिया विभाग की ओर से शुक्रवार को जयपुर जनपथ स्थित यूथ हॉस्टल में 'होली स्नेह मिलन समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और पत्रकार साथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर पारंपरिक संस्कृति की झलक भी देखने को मिली। कार्यक्रम में शेखावाटी के कलाकारों द्वारा चंग और ढाप की धमाल प्रस्तुत की, जिसने पूरे माहौल को उत्साह और उमंग से भर दिया। कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों पर उपस्थित पत्रकारों, कार्यकर्ताओं और अतिथियों ने भी खूब आनंद लिया। समारोह के दौरान फूलों की होली खेली गई और भाजपा प्रदेश मीडिया विभाग के प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ ने सभी अतिथियों पर पुष्प वर्षा कर वातावरण को होली के रंगों से सराबोर कर दिया। भाजपा प्रदेश मीडिया विभाग के प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पत्रकार साथियों से संवाद करते हुए होली की शुभकामनाएं दीं और सौहार्दपूर्ण वातावरण में चर्चा की। इस अवसर पर प्रदेश सरकार में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी, जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा, मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, भूपेंद्र सैनी, मिथिलेश गौतम,प्रदेश मंत्री डॉ अपूर्वा? सिंह, एकता अग्रवाल, नारायण मीणा, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा, भाजपा कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा, जयपुर शहर जिला अध्यक्ष अमित गोयल सहित प्रदेश के अनेक प्रवक्ता, पैनलिस्ट, पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पत्रकारों और पार्टी पदाधिकारियों ने भाग लेकर होली के इस स्नेह मिलन को यादगार बना दिया।

# राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने झोटवाड़ा में विधायक निधि फंड से कई विकास कार्यों की की घोषणा

**झोटवाड़ा में सड़क, नालियों और आधारभूत ढांचे के विकास कार्य तेज, हर घर जल अभियान के लिए झोटवाड़ा में ही 1100 किमी से अधिक पाइपलाइन बिछाई जा रही है**



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री, झोटवाड़ा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ शनिवार को झोटवाड़ा क्षेत्र के बोयतावाला में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने विधायक निधि कोष से विकास कार्यों की घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि जब हम जनसेवा के लिए काम करते हैं तो मुश्किलें अपने आप आसान हो जाती आती है राज्यवर्धन राठौड़ ने बताया कि जब भाजपा सरकार बनी तो जनवरी 2024 में पेयजल टंकियों के निर्माण का कार्य शुरू किया गया था। मात्र 25 महीनों में 175 करोड रुपए पेयजल टंकियों का निर्माण कर उन्हें नागरिकों को समर्पित किया जा रहा है, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि टंकियों से कॉलोनियों तक पानी पहुंचाने के लिए बड़े स्तर पर पाइपलाइन नेटवर्क विकसित किया जा रहा है। झोटवाड़ा क्षेत्र में ही करीब 1100 किलोमीटर से अधिक की पाइपलाइन बिछाने का काम किया जा रहा है, जिससे हजारों घरों को नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का जिम्मेदारी के साथ उपयोग करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।राठौड़ ने कहा कि झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। 2 करोड़ रुपये की लागत से अटल प्रगति पथ पर सड़क निर्माण किया जा रहा है।राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में हर दिशा में विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को भी जनसेवा में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

# दिया कुमारी, सतीश पूनिया अर्जुन राम मेघवाल और कई नेताओं ने टीकाराम जूली की मां को श्रद्धांजलि दी











जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली की माता के निधन पर जूली के पैतृक आवास पर देश भर के राजनेताओं और विशिष्ट जनों के आने का सिलसिला शनिवार को भी जारी रहा शनिवार को राजस्थान भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सतीश पूनिया,केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, डिप्टी सीएम दिया कुमारी, मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर, जोगाराम पटेल, जोराराम कुमावत, केके विश्नोई, सांसद भजनलाल जाटव, राव राजेंद्र सिंह, विधायक पूसाराम गोदारा, चेतन पटेल, हरलाल सहारण, देवी सिंह शेखावत, अशोक चांदना, अशोक कुमार कोठारी, गोपीचंद मीणा, सतीश पूनिया पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा, पूर्व मंत्री सुरेन्द्र गोयल, महेश जोशी, रोहिताश शर्मा, सालेह मोहम्मद, बाबूलाल नागर, राज.महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह, पूर्व विधायक रूपाराम मेघवाल, खुशवीर सिंह जोजावर, विधायक पार्टी प्रत्याशी आर्यन जुबेर खान इत्यादि राजनेता जूली के पुश्तैनी घर ग्राम काठुवास पहुंचे जहां इन सभी नेताओं नेजूली की माताजी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए शोक संतप्त परिवार को ढाढस बंधाया।

अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
08 मार्च, 2026

## ‘श्रीराम कथा का हुआ आयोजन, कथा वाचक ने बताया महिमा तब की बड़ी होती है’’



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** शहर के मन्नी का बड़ समीप एकलिंग महादेव मंदिर में शनिवार को श्रीराम कथा का आयोजन हुआ। कथा के प्रथम दिन कथावाचक पंडित भारत भूषण शर्मा ने भगवान श्रीराम जी के जन्म तथा उनके जीवन के परिचय के बारे में बताया। कथावाचक पंडित भारत भूषण ने कथा सुनाते हुए कहा की भगवान श्रीराम की कथा हमारे जीवन में एक आदर्श जीवन जीने का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि इंसान की महिमा नहीं होती महिमा तप की होती है। जब तप से हमारा जीवन निखर जाएगा तब हमे जीवन जीने का सारा सार मालूम हो जाएगा। कथा के बीच में भगवान श्रीराम जी के भजन भी गए गए।

## डिस्टर्ब एरिया बिल से हिंदुओं के पलायन पर लगेगी रोक - बालकनाथ योगी

### कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप

जयपुर टाइम्स

**जयपुर/तिजारा(निसं.)।** तिजारा विधायक महंत बालकनाथ योगी ने राजस्थान विधानसभा में डिस्टर्ब एरिया बिल का समर्थन करते हुए कहा कि यह बिल प्रदेश में दलित, गरीब, वंचित और कमजोर वर्ग के संरक्षण के लिए लिया गया ऐतिहासिक निर्णय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार समाज के हर वर्ग के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। डिस्टर्ब एरिया बिल का उद्देश्य किसी का विस्थापन नहीं बल्कि पूर्व से स्थापित लोगों के हितों का संरक्षण और संवर्धन करना है।



बालकनाथ योगी ने बिल का विरोध करने पर कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि देश के विभाजन से लेकर धारा 370 जैसे मुद्दों पर कांग्रेस ने हमेशा समाज को बांटने का कार्य किया है। अब जब प्रदेश में भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर काम कर रही है, तब कांग्रेस जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने अलवर के मेवात क्षेत्र का उदाहरण देते हुए कहा कि कई स्थानों पर हालात ऐसे बने कि हिंदुओं को पलायन के लिए मजबूर होना पड़ा, लेकिन तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने उनके संरक्षण के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए। उन्होंने कहा कि विधानसभा में बिल पारित हो चुका है और जल्द ही यह कानून का रूप लेकर अशांत क्षेत्रों में गरीब, दलित, वंचित और कमजोर वर्ग के संरक्षण में सहायक होगा।

## डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल में नए ओपीडी का उद्घाटन

### मरीजों को मिलेगी बेहतर नेत्र-चिकित्सा सुविधा



जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली/अलवर(निसं.)।** डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल (एससीईएच) में नए आउटपेशेंट विभाग (ओपीडी) का उद्घाटन किया गया। इस उन्नत सुविधा से दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को सस्ती व बेहतर नेत्र-चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इस परियोजना को कॉग्निजेंट फाउंडेशन इंडिया के सहयोग से विकसित किया गया है, जबकि ओपीडी अवसंरचना में आइशर ग्रुप फाउंडेशन और आवश्यक उपकरणों में बीसीएच इलेक्ट्रिक लिमिटेड ने सहयोग दिया है। नए ओपीडी के शुरू होने से अस्पताल में प्रतिवर्ष 60 हजार से अधिक अतिरिक्त मरीजों की जांच संभव हो सकेगी और लगभग 8 हजार अतिरिक्त डायग्नोस्टिक प्रक्रियाएं की जा सकेंगी। अस्पताल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. उमंग माथुर ने कहा कि नई सुविधा से अधिक मरीजों को बेहतर और त्वरित सेवाएं मिल सकेंगी। उद्घाटन समारोह में कॉग्निजेंट फाउंडेशन के बोर्ड सदस्य राजेश नांबियार, आइशर ग्रुप फाउंडेशन के निदेशक विग्यात सिंह तथा बीसीएच इलेक्ट्रिक लिमिटेड की संयुक्त प्रबंध निदेशक सारु भार्तिया सहित कई वरिष्ठ प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सीएम कार्यालय में अधिवक्ता ने दिया ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** मुख्यमंत्री कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपकर एडवोकेट राजेंद्र सोनी ने कोतवाली थाने के सीआई और उनके रीडर को बर्खास्त करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि दोनों लोगों की ओर से मुझे दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही है। इसी प्रकार थाने में बंद करने की धमकी भी दी जा रही है। वहीं इस बाबत एक ऑडियो भी प्रार्थना पत्र के साथ में दिया गया है, जिसमें कथित तौर पर दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने की धमकी का आरोप है।

## वार्ड बाउण्ड्री के मतदाताओं के नाम शामिल करने की मांग

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** भाजपा नेता राजकुमार तंवर ने उपखंड अधिकारी को एक पत्र लिखकर वार्ड की वोटर लिस्ट में वार्ड के मतदाताओं के ही नाम जोड़े जाने की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि जो वार्ड की बाउण्ड्री है, उस बाउण्ड्री के निवासी मतदाताओं के ही वार्ड में नाम जोड़े जाए। क्योंकि अक्सर देखने में आया है कि कई नेता जिस वार्ड से चुनाव लड़ते हैं, उस वार्ड में अपने समर्थन के मतदाताओं के नाम जुड़वा लेते हैं, जबकि वो दूसरे वार्डों के निवासी होते हैं। अतः इस गड़बड़ी का पूर्णतया निस्तारण करवाया जाए।

# अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

### रंगोली, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं में बढचढकर लिया प्रतिभागियों ने भाग

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या के अवसर पर पीसीपीएनडीटी प्रकोष्ठ द्वारा सामान्य चिकित्सालय परिसर में स्थित बीएससी नर्सिंग कॉलेज में महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान रंगोली, पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बढचढकर प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि महिलाएं वर्तमान समय में हर क्षेत्रा में आगे है तथा सभी क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है। देश की रक्षा से लेकर अंतरिक्ष क्षेत्र



तक महिलाओं ने साबित किया है कि वे पुरूषों के मुकाबले में किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मंजु शर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम एक जागरूकता मात्र नहीं है, बल्कि एक संकल्प का दिन है। आज सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि वे महिलाओं को आगे बढने में सहयोग करें। जिला पीसीपीएनडीटी समन्वयक गफूर खान ने कहा कि भ्रूण लिंग परीक्षण रोकने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही मुखबीर योजना के तहत तीन लाख रूपये तक के पुरस्कार प्रदान किये जा रहे हैं, अतः इस तरह की कोई भी सूचना टोल फ्री नंबर 108 व 181 एवं विभाग के वाट्सअप नंबर 9799997795 पर देकर देश व समाज के प्रति अपनी भागीदारी निभाए। बीएससी नर्सिंग कॉलेज के प्रिंसिपल संदीप अवस्थी, एएनएम प्रशिक्षण केंद्र के प्रिंसिपल रोशनलाल सैनी, साहडोली पीएचसी प्रभारी डॉ. अंबिका पटेल व जिला कार्यक्रम प्रबंधक पुष्पेन्द्र सिंह ने अपने विचार व्यक्त कर जागरूकता संबंधी जानकारी दी।

### रंगोली, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता में ये रहे विजेता

कार्यक्रम में रंगोली, पोस्टर मैकिंग एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र एवं मूमेंटों प्रदान कर सम्मानित किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में अंकिता, रजनी व योगिता की टीम प्रथम, दीपा, मीना व मोनिका ने द्वितीय तथा टीना, यशोदा व सीमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार पोस्टर मैकिंग प्रतियोगिता में टीना ने प्रथम, जया ने द्वितीय व अंतिम ने तृतीय स्थान तथा स्लोगन प्रतियोगिता में सीमा ने प्रथम, अंजलि ने द्वितीय व भावना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। काजल ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान लक्ष्मणगढ बीसीएमओ डॉ. देवी सिंह, जगन्नाथ मंदिर पीएचसी प्रभारी डॉ. फूलचंद मीणा, एएनएम प्रशिक्षण केंद्र से ट्यूटर अनिल सुरेला, मुकेश चाहर व मंजू यादव सहित चिकित्सालय के कार्मिक एवं बडी संख्या में बालिकाएं मौजूद रही।

## मुस्कान आहार सेवा में विमंदित और मूक बधिर बच्चों के चेहरे पर मुस्कान

### अभावों में पल रहे बच्चों को भी जोड़ेंगे योजना से

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** विमंदित और मूक बधिर बालकों के लिए प्रतिदिन पौष्टिक आहार उपलबध कराने की मुस्कान आहार सेवा आदर्श विमंदित और मूक बधिर विद्यालय खुदनपुरी में शनिवार को शुरू हो गई। नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से प्रतिदिन बच्चों को पौष्टिक खिचड़ी और दलिया सहित फल भी वितरित करने की सेवा प्रारंभ हो गई। इसमें समीपवर्ती क्षेत्र के ऐसे बच्चों को भी शामिल किया जाएगा जो शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर हैं। मुस्कान आहार सेवा की शुरूआत नेक कमाई के संरक्षक दौलत राम हजरती और रोशनी चैरेटी संस्था की पदाधिकारियों रजनी खंडेलवाल, रजनी अग्रवाल और मुकता शर्मा ने की। इस अवसर पर समाज सेविका संगीता सिंह और अर्चना आमेरिया भी थी। संस्था संचालिका पायल जांगिड़ ने सभी का स्वागत किया और जानकारी दी। युवा समाजसेवी मानवेन्द्र सिंह ने इसे बेहतर पहल बताया। नेक कमाई फाउंडेशन के मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि इस सेवा में इन बच्चों को प्रतिदिन खिचड़ी और फल वितरण होगा। कार्यक्रम प्रभारी और यूथ ऑइकान तारेश जोरवाल ने लोगों से अपील की कि मुस्कान आहार सेवा का शीघ्र ही विस्तार किया जाएगा। आप अपना जन्म दिन या कोई यादगार दिवस इन बच्चों के साथ मनाएं जिससे इनके



जीवन में खुशियां आ सके। यह बच्चे मानसिक विमंदित और मूक बधिर हैं। नेक कमाई के संरक्षक दौलत राम हजरती ने बताया कि इस सेवा का उद्देश्य संसाधनों के अभाव में बच्चे कुपोषण का शिकार नहीं हो। अलवर शहर में विमंदित और मूक बधिर बालकों को मुख्य धारा से जोडऩे का यह प्रयास है जिसमें इनकी स्कूल फीस भी जन सहयोग से दी जाएगी। इन बच्चों को स्पेशल टीचर पढ़ाते हैं जिससे इन बच्चों की प्रतिभा को विकसित किया जा रहा है। रोशनी चेरेटी संस्था से रजनी खंडेलवाल ने कहा कि सच्ची मानवता की सेवा विमंदित और मूक बधिर बच्चों की देखभाल करना है। हम शीघ्र ही इस स्कूल में आवश्यक संसाधन मुहैया कराएंगे। अंत में अर्चना आमेरिया ने आभार जताया। इस सेवा से डॉ. के.पी. सिंह भी जुड़े हुए हैं जिन्होंने ऐसे बच्चों को पढ़ाने में सहयोग की बात कही। इस अवसर पर रोशनी चेरिटी की पदाधिकारियों का रेखा कर्दम और पायल जांगिड़ ने स्वागत किया।

### बंधुआ मुक्ति मोर्चा ने मनाया महिला दिवस

## बालिकाओं की शिक्षा व महिलाओं के सशक्तिकरण पर दिया जोर

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** बंधुआ मुक्ति मोर्चा की ओर से राज गुप्ता सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिला श्रमिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला थाना अधिकारी कांता तथा विजय मंदिर थाना अधिकारी प्रेमलता उपस्थित रहीं। दोनों अधिकारियों ने महिलाओं से अपनी बालिकाओं को शिक्षित बनाने की अपील करते हुए कहा कि बेटियां शिक्षा के माध्यम से जीवन में ऊंचे पदों तक पहुंच सकती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष रेनू गुप्ता ने कहा कि महिलाओं के आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और शिक्षित होने से ही वास्तविक महिला मुक्ति संभव है। उन्होंने महिलाओं को अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए जागरूक रहने का संदेश दिया। मुख्यवक्ता के रूप में बंधुआ मुक्ति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश याज्ञिक ने कहा कि समाज ने अपनी आधी आबादी की शक्ति को सीमित कर रखा है। जब महिलाओं को उनका पूरा अधिकार मिलेगा, तभी महात्मा ज्योतिबा फुले, डॉ. भीमराव अंबेडकर और महर्षि दयानंद के सपनों का समाज साकार हो सकेगा। कार्यक्रम में शिक्षाविद सूची गुप्ता, एडवोकेट सीमा मुखीजा, अलवर बार एसोसिएशन की पुस्तकालय सचिव तथा श्रम विभाग की महिला श्रम निरीक्षक प्रिया यादव, सोनू शर्मा और आशा देवी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन हरप्रीत कौर ने किया। इस अवसर पर महिलाओं ने नृत्य-संगीत प्रस्तुतियां दीं और जलपान का आनंद लिया। कार्यक्रम में गायत्री देवी, फूली देवी, कांटा जाटव, ज्योति गुर्जर, गीता, मनीषा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## पीएम मोदी ने 2023 का अपना वादा पूरा किया, हाडोती का विकास और तेजी से होगाः ओम बिरला

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** लोकसभा अध्यक्ष और कोटा बूंदी सांसद ओम बिरला ने कोटा बूंदी ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट के शिलान्यास कार्यक्रम में अपने भाषण में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2023 में चुनाव के दौरान क्षेत्र के लोगों से एयरपोर्ट का जो वादा किया था वह वादा आज पूरा हो रहा है बिरला ने कोटा बूंदी ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केंद्रीय मंत्री राम मोहन का गहरा आभार जताया और कहा कि इस एयरपोर्ट से हाडोती के विकास को और गति मिलेगी उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोग पिछले कई सालों से एयरपोर्ट की डिमांड कर रहे थे इसके लिए प्रयास भी किए गए लेकिन केंद्र में मोदी और प्रदेश में भजनलाल सरकार के सहयोग से वर्षों पुरानी हाडोती के लोगों की यह मांग अब पूरी हो रही है उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट का कार्य आगामी 3 साल में हर हाल में पूरा होगा और जब यह एयरपोर्ट शुरू होगा तो निश्चित रूप से हाडोती क्षेत्र में व्यापार पर्यटन शिक्षा कृषि उद्योग इत्यादि सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास होगा जो हाडोती के विकास को तो नई दिशा देगा ही इसके अलावा यहां रोजगार के भी जोरदार अवसर पैदा होंगे लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि पहले यहां उद्योग व्यापार पर्यटन और अन्य क्षेत्र के बड़े-बड़े लोग और बड़ी-बड़ी कंपनियों से जुड़े लोग यहां इन्वेस्ट करने की तलाश में आते थे तो सबसे पहले एयरपोर्ट के बारे में पूछते थे लेकिन एयरपोर्ट नहीं होने की वजह से वे दोबारा यहां नहीं आते थे लेकिन अब इस एयरपोर्ट के शुरू होने के बाद यहां औद्योगिक क्षेत्र में भी क्रांति आने वाली है इसके लिए ओम बिरला ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को धन्यवाद दिया और कहा कि प्रदेश की भजनलाल सरकार ने यहां नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के लिए 6000 एकड़ भूमि रीको के हवाले की है इसलिए आने वाले सालों में हाडोती उद्योगों के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ेगा क्योंकि यहां पर्याप्त मात्रा में पानी है यहां बिजली का बड़ा उत्पादन होता है और अब एयरपोर्ट सड़क रेल कनेक्टिविटी के होने से यहां देश और विदेश का हर इन्वेस्टर उद्योग लगाना चाहेगा जो हाडोती के विकास को नई गति देगा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्यक्रम में मौजूद केंद्रीय मंत्री राम मोहन मनोहर की तारीफ करते हुए कहा कि राम मनोहर उनके अच्छे मित्र हैं और इस एयरपोर्ट की अनुमति प्रदान करने के अलावा अब एयरपोर्ट जल्दी से जल्दी बनकर तैयार हो तथा यह एयरपोर्ट देश और दुनिया के ज्यादा से ज्यादा शहरों से जुड़े इसके लिए भी केंद्रीय मंत्री राम मनोहर काफी गंभीर हैं उन्होंने कहा कि इस एयरपोर्ट को लेकर राम मनोहर ने संसद परिसर में भी कई बार उनसे बातचीत की और कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ मीटिंग की जो यह दिखाता है कि इस एयरपोर्ट को लेकर केंद्रीय मंत्री कितने गंभीर है इसलिए उन्हें उम्मीद है कि केंद्रीय मंत्री के सहयोग से यह एयरपोर्ट ज्यादा से ज्यादा शहरों से जुड़ेगा द्य ओम बिरला ने कहा कि कोटा शिक्षा के क्षेत्र में पूरे देश में अग्रणी है और अब ट्रिपल आईआईटी की स्थापना के संकल्प को लेकर भी काम कर रहे हैं इस दिशा में भी सफलता मिलेगी और कोटा शिक्षा उद्योग और आईआईटी के क्षेत्र में देश और दुनिया में जाना जाएगा बिरला ने कहा कि प्रदेश के भजन लाल सरकार ने हाडोती के क्षेत्र के विकास और कल्याण के लिए कोई कमी बाकी नहीं छोड़ी है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का उन्हें पूरा सहयोग इस क्षेत्र के विकास के लिए मिल रहा है इसीलिए क्षेत्र में लगातार हर क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं उन्होंने कहा कि यह सच है कि कोटा में पानी और बिजली का बड़ा केंद्र माना जाता है लेकिन क्षेत्र में बड़ी संख्या में छोटे गांव थे जहां ट्यूबवेल और हेड पंप के माध्यम से ही लोग अपना गुजारा कर रहे थे लेकिन भजनलाल सरकार ने पिछले 2 साल में हर घर में नल का जल और हर खेत में पानी पहुंचाने की दिशा में हाडोती क्षेत्र में भी बड़ी-बड़ी जल परियोजनाएं शुरू की है जिसके माध्यम से यहां भी हर घर में नल और हर खेत में पानी उपलब्ध करवाने की दिशा में तेजी से कार्य हो रहा है ।

## विकसित भारत के विजन को हासिल करने में राजस्थान तेजी से आगे बढ़ रहा : नरेंद्र मोदी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)** कोटा में कोटा बूंदी ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट के शिलान्यास के अवसर पर आयोजित शानदार कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाइव जुड़े और उन्होंने सभा को संबोधित किया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में भजनलाल सरकार और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की जमकर तारीफ की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अभी पिछले सप्ताह ही अजमेर में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी और आज कोटा बूंदी ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट का जो यह शिलान्यास कार्यक्रम हो रहा है यह हाडोती के लोगों की वर्षों पुरानी मांग थी जो आज पूरी हो रही है उन्होंने कहा कि इस एयरपोर्ट के शुभारंभ से हाडोती के विकास को नई उड़ान मिलेगी उन्होंने कहा कि पिछले 2 साल में राजस्थान में जिस तेज गति से हर क्षेत्र में विकास कार्य हो रहे हैं उसे देखकर उन्हें काफी प्रसन्नता है और राजस्थान विकसित भारत के विजन को हासिल करने में तेजी से आगे बढ़ रहा है जानकारी के अनुसार जैसे ही प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यक्रम से जुड़े सभा स्थल पर मौजूद लोगों ने जोरदार नारे और तालियां बजाना शुरू कर दिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि कोटा में एयरपोर्ट बना हाडोती क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी उपलब्धि है उन्होंने याद दिलाया कि नवंबर 2020 में उन्होंने कोटा के लोगों से एयरपोर्ट बनाने का वादा किया था अब उसे वादे को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है और जल्द ही एयरपोर्ट का निर्माण शुरू होगा उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट बनने के बाद कोटा और आसपास के जिलों के लोगों को हवाई यात्रा के लिए जयपुर या जोधपुर नहीं जाना पड़ेगा इससे यात्रा आसान होगी और समय की भी बचत होगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कोटा ऊर्जा उत्पादन का एक महत्वपूर्ण केंद्र है और यहां उद्योगों की संभावनाएं लगातार बढ़ रही है बेहतर हवाई कनेक्टिविटी मिलने से नए उद्योग स्थापित होंगे और व्यापारिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में हाडोती क्षेत्र की सांस्कृतिक और कृषि पहचान का भी उल्लेख किया उन्होंने कहा कि कोटा कचोरी बूंदी का चावल कोटा डोरिया कोटा का धनिया देसी नहीं बल्कि विदेशों में भी अपनी पहचान बन चुके हैं इसके अलावा उन्होंने कोटा के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों जैसे खड़े गणेश जी मंदिर मथुराधीश मंदिर और गोदावरी धाम का भी जिक्र किया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एयरपोर्ट बनने के बाद मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व और रामगढ़ अभारण्य जैसे प्राकृतिक पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की संख्या में जबरदस्त इजाफा होगा इससे स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध हो सकेंगे उन्होंने यह भी कहा कि कोटा पहले से ही देश का बड़ा शिक्षा केंद्र है जहां हजारों छात्र पढ़ाई के लिए आते हैं बेहतर हवाई कनेक्टिविटी से शिक्षा उद्योग पर्यटन तीनों क्षेत्रों को फायदा होगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में लोकसभा अध्यक्ष और स्थानीय सांसद ओम बिरला की जमकर तारीफ की और उन्होंने कहा कि ओम बिरला जितने अच्छे सांसद हैं उतने ही अच्छे लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका में नजर आ रहे हैं उन्होंने कहा कि ओम बिरला संसद के सदस्यों में अपनी मुस्कुराहट से काफी लोकप्रिय हैं तथा संविधान और संसदीय प्रणाली के प्रति पूरी तरह से समर्पित हैं ।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर लुपिन फाउंडेशन का कार्यक्रम

### 200 महिलाओं व युवतियों ने लिया भाग, स्वास्थ्य व सशक्तिकरण पर दी जानकारी

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लुपिन फाउंडेशन द्वारा राजगढ़ में जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजगढ़ एवं मालाखेड़ा क्षेत्र की लगभग 200 महिलाओं और युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आरसीएचओ डॉ. मंजु शर्मा रहीं, जबकि महिला एवं बाल विकास विभाग राजगढ़ की महिला सुपरवाइजर



अभिलाषा तथा राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त वरिष्ठ अध्यापिका आशा सुमन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि डॉ. मंजु शर्मा ने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने, बेटा-बेटी में समानता की भावना विकसित करने तथा अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सकारात्मक सोच और आत्मनिर्भरता समाज में व्यापक परिवर्तन ला सकती है। उन्होंने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनने तथा परिवार और समाज के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि आशा सुमन ने ग्रामीण विकास के क्षेत्र में लुपिन फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था किसानों और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की जानकारी भी दी गई। संस्था के स्टेट हेड ने कहा कि महिलाएं स्वस्थ और सशक्त समाज एवं परिवार की आधारशिला होती हैं। इसलिए महिलाओं को अपने अधिकारों की जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महिलाएं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं और विभिन्न क्षेत्रों में उच्च पदों पर कार्यरत हैं। साथ ही संस्था द्वारा संचालित कृषि, पशुपालन और स्वास्थ्य गतिविधियों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में संस्था के स्वास्थ्य गतिविधि प्रभारी रवि दाधीच ने बताया कि लुपिन फाउंडेशन द्वारा मोबाइल मेडिकल वाहनों का संचालन किया जा रहा है, जो गांव-गांव में मेडिकल कैंप लगाकर श्वसन संबंधी मरीजों की पहचान कर उनकी निःशुल्क जांच और उपचार करते हैं। कार्यक्रम के दौरान एफपीओ, वैज्ञानिक डेयरी प्रबंधन, बकरी पालन और महिला स्वास्थ्य जैसे विषयों पर समूह चर्चा आयोजित की गई, जिसमें महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए। साथ ही माहवारी के दौरान स्वच्छता और पोषण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से कृषि, पशुपोषण, पोषण प्रबंधन और महिला स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रितु नरूका ने किया तथा संस्था के सभी कार्मिकों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग दिया।

## निजी स्कूल की छात्रा को धमकाने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने बाइक सवार तीन लड़कों को अरेस्ट किया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के पाली जिले में रोहट स्थित मॉडल स्कूल की एक छात्रा को तीन लड़कों की ओर से धमकाने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई पुलिस ने इस मामले में बाइक पर सवार तीन लड़कों को हिरासत में लिया है पुलिस हिरासत में लिए लड़कों से पूछताछ कर रही है जानकारी के अनुसार पीड़ित छात्रा को धमकाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जोरदार तरीके से वायरल हुआ रहा था यह वायरल वीडियो जिले के पुलिस के बड़े अधिकारियों तक भी पहुंचा इसके बाद पुलिस ने वायरल वीडियो की सत्यता का पता लगाया जिसमें वीडियो के सही पाए जाने पर पुलिस ने त्वरित गति से कार्रवाई करते हुए छात्र को धमकाने वाले लड़कों की पहचान की जिसमें बाइक सवार तीन लड़कों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है द्य जानकारी के अनुसार बाइक सवार लड़कों की ओर से धमकाने के बाद पीड़ित छात्राकाफी घबराई हुई थी लेकिन अब पुलिस की ओर से लड़कों को गिरफ्तार किए जाने के बाद पीड़ित छात्रा ने राहत की सांस ली है ।

## चांदी 2500 और सोना 2100 रुपए हुआ महंगा, चांदी 274000 रुपए प्रति किलो में बिकी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर सराफा बाजार में शनिवार को सोने और चांदी की कीमतों में अचानक तेजी देखने को मिली गुरुवार को जयपुर सराफा बाजार में चांदी में 2500 रुपए और सोने में 2100 रुपए की बढ़ोतरी दर्ज की गई जानकारी के अनुसार शनिवार को चांदी की कीमत 274000 रुपए प्रति किलो निश्चित थी वही जेवराती सोना 155000 रुपए प्रति 10 ग्राम और शुद्ध सोना 165800 रुपए प्रति 10 ग्राम निर्धारित था गौरतलब है कि पिछले कुछ महीनो से जयपुर सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहे हैं कभी सोने और चांदी की कीमतों में अचानक जबरदस्त तरीके से उछाल आ जाता है तो फिर अगले ही दिन सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट आ जाती है कई बार ऐसा भी देखा गया जब कुछ दिनों तक सोने और चांदी की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी होती रही और फिर अचानक इन कीमतों में गिरावट भी देखी गई इसलिए सोने और चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव होने की वजह से ही प्रदेश के लोग सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने की जगह जमीन जायदाद में ज्यादा निवेश कर रहे हैं क्योंकि जमीन जायदाद में निवेश से लोग इस बात से बेफिक्र हो जाते हैं कि उनकी कीमतों में कमी तो आएगी ही नहीं इसलिए उनका पैसा बिल्कुल सुरक्षित है और नफे का ही सौदा रहेगा इसीलिए लोग जमीन जायदाद और रियल स्टेट के कारोबार में ही अपना पैसा ज्यादा इन्वेस्ट कर रहे हैं पहले सोने और चांदी की कीमतों में इस तरह से निरंतर उतार चढ़ाव नहीं देखा जाता था इसलिए लोग सोने और चांदी में भी इन्वेस्ट कर दिया करते थे लेकिन अब सोने और चांदी में इन्वेस्ट नहीं करने का सबसे बड़ा कारण यही है कि सोने और चांदी की कीमतों में नियमित रूप से उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है इसलिए लोग अपने पैसे को यहां इन्वेस्ट करने में सहज महसूस नहीं कर रहे।

## यात्रियों की सुविधा हेतु नई दिल्ली - साबरमती आरक्षित एक तरफा सुपरफास्ट स्पेशल रेलसेवा का संचालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा होली और टी-20 विश्व कप फाइनल के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु नई दिल्ली -साबरमती आरक्षित एक तरफा सुपरफास्ट स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है।उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाड़ी संख्या 04062,नई दिल्ली -साबरमती एक तरफा स्पेशल आरक्षित सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक 7 मार्च 2026 (शनिवार) को नई दिल्ली से 23:45 बजे प्रस्थान कर रविवार को जयपुर स्टेशन पर 4:50 आगमन व 5:00 बजे प्रस्थान कर 14:30 बजे साबरमती पहुँचेगी। यह रेल सेवा मार्ग में दिल्ली कैंट, गुड़गांव, रेवाड़ी, जयपुर, अजमेर और पालनपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 5 सेकंड एसी , 12 थर्ड एसी और 2 पावर कार डिब्बों सहित कुल 19 डिब्बें होंगे।

## यूडी टैक्स नहीं चुकाने पर शहर में नगर निगम ने 11 दुकान सीज की, दुकानदारों में खलबली मची

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में उदयपुर नगर निगम प्रशासन ने यूडी टैक्स नहीं चुकाने वाले लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करना शुरू कर दिया है नगर निगम की इस पहल से शहर के उन दुकानदारों और लोगों में घबराहट छा गई है जो पिछले कई सालों से नगर निगम को यूडी टैक्स का भुगतान नहीं कर रहे थे क्योंकि नगर निगम प्रशासन ने टैक्स नहीं चुकाने पर मौके पर जाकर बाजारों में 11 दुकानों को सीज कर दिया है नगर निगम की इस कार्रवाई के बाद शहर के दुकानदारों में खलबली से बच गई है नगर निगम ने साफ कह दिया है कि टैक्स नहीं चुकाने वालों के खिलाफ अब कठोर कार्रवाई निश्चित तौर पर की जाएगी जानकार लोगों का कहना है कि उदयपुर ही नहीं बल्कि राजधानी जयपुर अजमेर कोटा जोधपुर और अन्य सभी बड़े और छोटे शहरों में यूडी टैक्स नहीं चुकाने वालों की संख्या काफी ज्यादा है टैक्स नहीं चुकाने की वजह से नगर निकायों की आर्थिक हालत भी काफी खराब है नगर निगम प्रशासन खुद यह मानता है कि अगर लोग और दुकानदार निर्धारित अवधि पर टैक्स का भुगतान करते रहें तो यह टेक्स का पैसा शहर के विकास में ही काम आता है लेकिन यूडी टैक्स नहीं चुकाने वालों की संख्या उदयपुर में ही नहीं बल्कि प्रदेश भर में देखने को मिल सकती है ।

## कुएं में महिला का शव मिलने का मामला : सामोद थाने के इंस्पेक्टर और दो कांस्टेबल को हटाने की मांग को लेकर लोगों का प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर ग्रामीण जिला पुलिस के सामोद थाने के इंस्पेक्टर और दो पुलिसकर्मियों को हटाने की मांग को लेकर शनिवार को सैकड़ो लोगों ने कुशालपुर में उग्र प्रदर्शन किया और धरने पर बैठे लोगों का कहना है कि पूरा थाना भ्रष्टाचार में लिप्त है इसलिए थाने के इंस्पेक्टर और दो पुलिसकर्मी अजय और मदन को हटाने की मांग को लेकर लोगों ने जोरदार नारेबाजी की जानकारी के अनुसार सामोद थाना इलाके में हाल ही में एक महिला का शव कुएं में पड़ा मिला था इसकी रिपोर्ट दर्ज करवाने के लिए मृतक महिला का भाई पुलिस स्टेशन पहुंचा तो वहां पर मामला दर्ज करने के लिए पुलिस कर्मियों ने बियर की पेटी की मांग की इसके बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान मृतक महिला के भाई ने पुलिस कर्मियों के कहे अनुसार बियर की पेटी भी लाकर दी लेकिन इस प्रकरण में आरोपी लोगों के खिलाफ किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई बाद में पुलिस कर्मियों की ओर से बियर मांगने की बात जब ग्रामीणों को पता चली तो उनमें गुस्सा छा गया और शनिवार को सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों ने थाने के इंस्पेक्टर और दो पुलिसकर्मियों को हटाने की पुरजोर मागं की इसी बात को लेकर ग्रामीणों ने जोरदार नारेबाजी भी की और मौके पर मौजूद पत्रकारों से बातचीत के दौरान पुलिस कर्मियों पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए ।

# उत्तर पश्चिम रेल प्रशासन के अभिनव प्रयास: ट्रेनों में महिलाओं की सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर किए गए ठोस प्रबंध,

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे सदैव अपने यात्रियों को बेहतर सेवा देने के लिए कटिबद्ध है। रेलवे द्वारा महिलाओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए सदैव कार्य किए जा रहे हैं। रेलवे द्वारा महिलाओं के लिए रेल यात्रा को सुगम बनाने के लिए ट्रेनो तथा स्टेशनों पर विशेष सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त रेलवे पर महिला सशक्तिकरण के लिए भी अनेक कार्य रेलवे द्वारा किए जा रहे हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में बढते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे पर वर्तमान में 2864 महिला कर्मचारी विभिन्न पदों पर कार्यरत् है। यह महिलाकर्मी स्टेशन मास्टर, लोको पायलेट, ट्रेक मैंटेनर, डीजल शैड और वर्कशॉप में इंजीनियर व खलासी, रेलवे सुरक्षा बल, टीटीई, नर्सिंगकर्मी, चिकित्सक, गार्ड इत्यादि पदों पर बखूबी अपना दायित्व निभा रही है। इसके साथ ही उत्तर पश्चिम रेलवे पर कार्यरत् महिला खिलाडियों ने भी देश-विदेश में होने वाली प्रतियोगिताओं में मैडल प्राप्त कर देश को गौरवान्वित किया है। उत्तर पश्चिम रेलवे पर कार्यरत् 2864 महिला रेलकर्मियों में से 28 महिलाएं लोको पायलट के पद पर कार्य कर रही है। रेलवे लोको पायलेट के पद पर अब महिलाएं अपनी ड्यूटी को बखूबी कर पुरूषों के साथ-साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है। इसी प्रकार रेलवे में अन्य महत्वपूर्ण और चुनौती वाले



कार्य जैसे ट्रैक मेंटेनर के पद पर 169, पोइन्टसमैन के पद पर 155, स्टेशन मास्टर के पद पर 79 और ट्रेन मैनेजर (गार्ड) के पद पर 17 महिला कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे पर पश्चिम सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिये रेलवे सुरक्षा बल में महिला बटालियनों की स्थापना की गई है। वर्तमान में उत्तर पश्चिम रेलवे पर 237 महिला सुरक्षाकर्मी कार्यरत है जो महिला सुरक्षा अभियान मेरी सहेली में अहम भूमिका का निर्वहन कर रही है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में पहल करते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे के गांधीनगर जयपुर स्टेशन को सम्पूर्ण भारतीय रेल में पहले गैर उपनगरीय स्टेशन के रूप में दिनांक 19.2.2018 को स्थापित किया गया जो पूर्णतया महिलाओं द्वारा संचालित किया जा रहा है। यहाँ सभी पदों पर स्टेशन मास्टर से कांटेवाला, मुख्य आरक्षण पर्यवेक्षक, टिकट संग्राहक से रेल सुरक्षा बल की कमान महिलाओं द्वारा संभाली जा रही है। गांधीनगर जयपुर स्टेशन पर कार्यरत् महिला कर्मचारियों को आत्मविश्वास से कार्य करने हेतु विशेष प्रशिक्षण दिया गया है, जिसके कारण यहाँ कार्यरत् महिला रेलकर्मी बेहतर और पूर्ण आत्मविश्वास के साथ कार्य कर रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे के गॉधीनगर स्टेशन पर समस्त महिला कर्मचारी पूर्ण उत्साह के साथ अपने कार्यों निष्पादित कर रही और वर्तमान में गांधीनगर जयपुर सबसे कार्यकुशल स्टेशन की श्रेणी में सम्मलित है। रेलवे द्वारा महिला रेलकर्मियों को कार्यस्थल पर बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाती है ताकि यह कर्मचारी बेहतर तरीके से अपना कार्य निष्पादित कर सके। लोको पायलेट व ट्रेन मैनेजर महिला कर्मचारियों के लिए रनिंग रूम में पृथक सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। इसके साथ ही प्रमुख कार्यालयों में महिलाओं के लिए पृथक लंच रूम, सेनेटरी नैपकीन वेडिंग मशीन तथा इन्सीनरेटर मशीन, कार्यरत महिलाओं के छोटे बच्चों की देखभाल हेतु क्रेच की सुविधा प्रदान की गई है। जानकारी के अनुसारलम्बी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनों में महिलाओं के लिए एक अलग अनारक्षित डिब्बा लगा होता है, जो गार्ड के केबिन से जुड़ा होता है। सभी मेल,एक्सप्रेस ट्रेनों में सभी आरक्षित श्रेणियों में वरिष्ठ नागरिकों के साथ-साथ 45 वर्ष या अधिक आयु की महिला यात्रियों के लिए तथा गर्भवती महिलाओं (चिकित्सक के प्रमाण पत्र के साथ) के लिए शयनयान श्रेणी के प्रत्येक डिब्बें में 8 लोअर बर्थ तक का तथा थर्ड एसी,सैकण्ड एसी के प्रत्येक डिब्बें में 4 लोअर बर्थ का संयुक्त कोटा होता है। राजधानी,दुरंतो या पूर्णतया वातानुकूलित एक्सप्रेस ट्रेनों में सैकण्ड एसी में 4 तथा थर्ड एसी में 5 सीट का यह कोटा आवंटित है। गरीबरथ एक्सप्रेस ट्रेन में थर्ड एसी श्रेणी में 6 बर्थ का पृथक कोटा महिलाओं के लिए दिया गया है, जिसमे आयु का कोई बंधन नहीं है। इस कोटे का उपयोग केवल महिला यात्रियों द्वारा किया जायेगा जो अकेले या महिला समूह में यात्रा कर रही हैं। आरक्षण सुविधा वाली गाड़ियों में मेल,एक्सप्रेस गाड़ियों के शयनयान श्रेणी में 6 बर्थ का कोटा महिलाओं के लिए चिन्हित किया गया है। महिलाओं के लिए कोटे की सीटों के उपयोग में प्रथम आरक्षण चार्ट बनने तक इस कोटे में सिर्फ अकेली महिला या महिलाओं के समूह का आरक्षण होगा। प्रथम आरक्षण चार्ट के तैयार होते समय अप्रयुक्त महिला कोटे के सीटों को पहले महिला वेटिंग यात्रियों को दिया जायेगा। तत्पश्चात् बची हुई महिला कोटे की बर्थ वरिष्ठ नागरिकों को दी जायेगी। प्रथम आरक्षण चार्ट बनने के बाद अकेली महिला यात्रियों को बर्थ आवंटन के पश्चात् भी यदि महिला कोटे की बर्थ बचती है, तो कार्यरत टिकट चैकिंग स्टाफ इन बर्थों को आरएसी कन्फर्म टिकटों पर अन्य महिला,वरिष्ठ नागरिकों को आवंटित कर सकेगा। इसके लिए उन्हें आरक्षण चार्ट में आवश्यक प्रविष्ठियॉ करनी होगी। उत्तर पश्चिम रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार सभी महत्वपूर्ण स्टेशनों पर आरक्षण कार्यालय में महिलाओं के लिए पृथक लाइन की व्यवस्था होती है, जिसमें कोई महिला वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों, विदेशी पर्यटकों के साथ अपना टिकट आरक्षित करवा सकती है।महत्वपूर्ण स्टेशनों पर महिलाओं के लिए पृथक महिला प्रतीक्षा कक्ष की व्यवस्था होती है, जहॉ महिलाओं के साथ 12 वर्ष से कम आयु के बच्चे गाड़ी के आगमन, प्रस्थान के समय प्रतीक्षा कर सकते है।

## अमिताभ के कुशल प्रबंधन से उत्तर पश्चिम रेलवे को फरवरी में रिकॉर्ड सकल राजस्व की प्राप्ति

### माल लदान और मालभाड़े में भी प्राप्त की अभूतपूर्व वृद्धि



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय रेलवे में उत्तर पश्चिम रेलवे ने अपना एक अलग मुकाम हासिल कर लिया है उत्तर पश्चिम रेलवे के बेस्ट प्रबंधन से काफी अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं इसी क्रम में उत्तर पश्चिम रेलवे ने वर्ष 2025- 26 में फरवरी 2026 तक 7810 करोड रुपए का अब तक का उच्चतम सकल राजस्व प्राप्त किया है तथा माल लदान में भी 27.382 मीट्रिक टन का आंकड़ा प्राप्त किया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे ने इस वित्त वर्ष 2025-26 में फरवरी 2026 तक 7810 करोड रुपए का सकल राजस्व प्राप्त किया है जो इस अवधि में पिछले सर्वश्रेष्ठ प्राप्त राजस्व 7212 करोड़ रुपए (वित्त वर्ष 2024-25) से 8.30 प्रतिशत अधिक है। इसके साथ ही फरवरी 2026 तक उत्तर पश्चिम रेलवे ने 27.382 मीट्रिक टन माल लदान किया जो पिछले वित्त वर्ष में फरवरी 2025 तक हुए माल लदान से 4.09 प्रतिशत अधिक है। महाप्रबंधक अमिताभ के कुशल दिशा-निर्देश में उत्तर पश्चिम रेलवे ने इस वित्त वर्ष में अभी तक (फरवरी 2026 तक) सभी मदो जैसे यात्री आय, अन्य कोचिंग आय, टिकट चेकिंग राजस्व, पार्सल राजस्व, गैर-किराया राजस्व, पार्किंग राजस्व इत्यादि में अभूतपूर्व वृद्धि प्राप्त की है। इस वित्त वर्ष में फरवरी 2026 तक प्राप्त यात्री आय 3374 करोड़ रुपए पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से 9.76 प्रतिशत अधिक है, अन्य कोचिंग आय 330 करोड़ रुपए भी पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से 5.77 प्रतिशतअधिक है। इस अवधि में टिकट चेकिंग राजस्व रुपए 67.39 करोड़ भी पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (वर्ष 2023-24) 63.22 करोड़ रुपए से अधिक है। पार्सल राजस्व भी इस अवधि में 72.85 करोड़ रुपए रहा जो पिछले सर्वश्रेष्ठ 70.56 करोड़ रुपए ( वर्ष 2015-16) से अधिक है। इस अवधि में गैर-किराया राजस्व 16.56 करोड रुपए रहा जो पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 14.90 करोड़ रुपए ( वर्ष 2024-25) से अधिक है। इस अवधि में प्राप्त पार्किंग राजस्व 8.11 करोड़ रुपए भी पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 7.48 करोड़ रुपए ( वर्ष 2024-25) से 24.1 प्रतिशत अधिक है। उत्तर पश्चिम रेलवे पर माल लदान और मालभाड़े से प्राप्त राजस्व में भी निरंतर वृद्धि हो रही है। फरवरी 2026 तक उत्तर पश्चिम रेलवे पर 27.382 मीट्रिक टन माल लदान किया जो पिछले वित्त वर्ष में फरवरी 2025 तक हुए माल लदान से 4.09 प्रतिशत अधिक है। इस माल लदान से प्राप्त राजस्व 3440 करोड़ रुपए भी पिछले वर्ष के मुकाबले 5.49 प्रतिशतअधिक है। रेल राजस्व और यात्रियों की सुविधा में वृद्धि हेतु निरंतर योजना बनाकर समय-समय पर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इन योजनाओं में विभिन्न त्योहारों और पर्वों के अवसरों पर पूर्व के वर्षों में विभिन्न दिशाओं में यात्री भार की समीक्षा की जाती है। इसके साथ ही विभिन्न शहरों के लिए चल रही नियमित ट्रेनों में यात्री भार और प्रतीक्षा सूची की भी निरंतर समीक्षा की जाती है जिससे उन शहरों के लिए स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा सके। उत्तर पश्चिम रेलवे उत्कृष्टता और ग्राहक संतुष्टि के प्रति प्रतिबद्ध है । यह प्रदर्शन आधुनिकरण, दक्षता और ग्राहक-केंद्रित विकास के प्रति उत्तर पश्चिम रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## अशोक चक्र चुराने वाले हिस्ट्रीशीटर अभिषेक उर्फ अंकित को पुलिस ने दबोचा, शहीद हवलदार शीशपाल सिंह के घर से चुराया था अशोक चक्र

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के गंगानगर जिले के अनूपगढ़ थाना इलाके में शहीद हवलदार शीशपाल सिंह के घर से अशोक चक्र चुराने वाले अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है अभियुक्त से चुराया गया अशोक चक्र भी बरामद किया गया है जानकारी के अनुसार 1961 में हवलदार शीशपाल सिंह को अशोक चक्र प्रदान किया गया था पिछले दिनों शीशपाल सिंह के घर से यह अशोक चक्र चोरी हो गया था इसकी रिपोर्ट अनूपगढ़ पुलिस स्टेशन में दर्ज करवाई गई पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और इस मामले की कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए पुलिस अशोक चक्र चुराने वाले व्यक्ति तक पहुंच गई यह अशोक चक्र चुराने वाला मामूली अपराधी नहीं था बल्कि हिस्ट्रीशीटर निकला अशोक चक्र चुराने वाले हिस्ट्रीशीटर अभिषेक के खिलाफ 16 मामले दर्ज हैं जानकारी के अनुसार पुलिस की जांच में पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रही पुलिस इस मामले को काफी गंभीरता से ले रही थी और थाने के इंस्पेक्टर खुद इस पूरे मामले की जांच की मॉनिटरिंग कर रहे थे इसलिए पुलिस अपने स्तर पर गुपचुप में जांच की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ती रही पुलिस स्थानीय अपराधियों की गतिविधियों पर भी गुपचुप में कड़ी नजर रखती रही तथा मुखबिर के माध्यम से भी अपनी जांच को सही दिशा देती रही इसी वजह से इस मामले का पर्दा पास हो सका अशोक चक्र चोरी होने की वजह से ग्रामीणों में भी काफी आक्रोश छाया हुआ था लेकिन पुलिस की ओर से अशोक चक्र बरामद किए जाने और अपराधी को गिरफ्तार किए जाने के बाद स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है।

## एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ का सांगानेर एयरपोर्ट पर शानदार स्वागत, बड़ी संख्या में लोगों ने जाखड़ की अगवानी की

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** एनएसयूआई के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ अपनी इस नई जिम्मेदारी को संभालने के बाद शनिवार को पहली बार जयपुर लौटे हैं जहां सांगानेर एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं और आमजन ने जाखड़ का जोरदार स्वागत किया जाखड़ जयपुर जिले के ही रहने वाले हैं इसलिए जाखड़ का स्वागत करने के लिए शाहपुरा, मनोहरपुर , कोटपूतली, प्रागपुरा, पावटा, अलवर क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में सांगानेर एयरपोर्ट पर एकत्रित हुए जाखड़ ने पिछले दिनों नई दिल्ली स्थित एनएसयूआई के राष्ट्रीय कार्यालय में अपना पदभार ग्रहण किया था उनके पद पर ग्रहण कार्यक्रम में एनएसयूआई के कई बड़े नेता और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सचिन पायलट भी मौजूद रहे थे जाखड़ ने दिल्ली प्रवास के दौरान कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के,राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, अशोक गहलोत गोविंद सिंह डोटासरा टीकाराम जूली और कई अन्य बड़े नेताओं से मुलाकात की थी शनिवार को यह नई जिम्मेदारी मिलने के बाद उनके जयपुर आगमन पर उनका जोरदार स्वागत किया गौरतलब है कि विनोद जाखड़ राजस्थान के पहले ऐसे एनएसयूआई के छात्र नेता हैं जिन्हें एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नियुक्ति मिली अब से पहले राजस्थान के किसी भी नेता को यह पद नहीं मिला था इसलिए राजस्थान के इतिहास में विनोद जाखड़ को यह बड़ा पद मिलना राजस्थान की एन एस यू आई से जुड़े



कार्यकर्ताओं के लिए तो गर्व का विषय है ही इसके अलावा राजस्थान के लिए भी यह गर्व का विषय माना जा सकता है जानकारी के अनुसार एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चयन के लिए राहुल गांधी ने देश भर के करीब 15 छात्र नेताओं के साक्षात्कार लिए थे जिसमें निर्मल चौधरी भी राहुल गांधी को साक्षात्कार देकर आए थे लेकिन विनोद जाखड़ पर राहुल गांधी ने ज्यादा भरोसा जताया है विनोद जाखड़ काफी सरल सौम्य और अच्छे वक्ता तो माने जाते हैं ही इसके अलावा जरूरत पड़ने पर उनकी काफी आक्रामक शैली भी रहती है कुछ महीने पहले राजस्थान विश्वविद्यालय में संघ के कार्यक्रम को लेकर इन्होंने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया था जिसमें इन्हे जेल भी जाना पड़ा था इस विरोध प्रदर्शन को लेकर विनोद जाखड़ राजस्थान में ही नहीं बल्कि पूरे देश में काफी चर्चित हुए थे शायद यही वजह है कि राहुल गांधी उनकी पर्सनालिटी से काफी प्रभावित हुए और इतने बड़े पद के काबिल समझा ।

## सियार ने 6 साल की बच्ची पर बोला हमला, बच्ची के चेहरे पर एक दर्जन टांके लगाए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में वन्य जीवों की ओर से मानव प्रजाति पर हमला बोलने की एक और घटना झालावाड़ जिले में हुई है जिसमें डक क्षेत्र के केलुखेड़ा गांव में सियार ने 6 साल की बच्ची पर हमला बोला जिसकी वजह से वह बुरी तरह से घायल हो गई जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है पीडित बालिका का नाम टीना है । इस घटना को लेकर क्षेत्र के लोगों में गहरा आक्रोश छाया हुआ है लोगों का कहना है कि यह तो गनीमत रही बच्ची के चिल्लाने पर आसपास के इलाके के लोग आ गए जिसकी वजह से सियार बच्ची को पटक कर भाग गया अन्यथा बच्ची की जान भी जा सकती थी हालांकि सियार ने बच्ची के चेहरे पर सियार के काटने की वजह से जगह-जगह गहरे घाव हैं लेकिन बच्ची की हालत कंट्रोल में बताई गई है गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से प्रदेश में कहीं ना कहीं वन्य जीवों के मानव प्रजाति और पशुओं पर हमला बोलने की खबरें आ रही है जिसमें लेपर्ड के हमले से एक किसान की मौत भी हो चुकी है इस तरह की घटनाएं वन विभाग पुलिस जिला प्रशासन के लिए भी बड़ी चुनौती बने हुए हैं वन्यजीवों के आवासीय बस्तियों में घुसने का मामला राजस्थान विधानसभा के चालू बजट सत्र में भी विधायकों की ओर से उठाया गया जिसमें वन मंत्री संजय शर्मा ने इस तरह की घटनाओं को लेकर चिंता भी जारी की और वन्यजीवों के हमले से मौत का शिकार होने वाले लोगों को दिए जाने वाले मुआवजे की राशि में बढ़ोतरी करने की बात भी उन्होंने कही है इसके अलावा जंगलों में तारबंदी की व्यवस्था को और मजबूती प्रदान करने जैसी बातें उन्होंने कही है लेकिन हकीकत यह है कि जंगलों में कई बार वन्यजीवों के अंगों की तस्करी करने वाले लोग और जंगल में अवैध लकड़ी काटने वाले लोगों की वजह से जगह-जगह सुरक्षा की दृष्टि से स्थापित की गई तारबंदी को तोड़ दिया जाता है जिसके माध्यम से वन्यजीव जंगल से बाहर निकल कर पड़ोस की आवासीय बस्तियों में घुस जाते हैं और फिर छोटे बच्चों, युवाओं, बुजुर्गों और पशुओं पर हमला बोल देते हैं ।

### प्रदेश में टल सकते हैं पंचायत चुनाव

## आयोग ओबीसी के आंकड़ों को लेकर संतुष्ट नहीं, आयोग ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश में पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव फिलहाल टल सकते हैं क्योंकि प्राधिकरण की ओर से ओबीसी के संदर्भ में जो आंकड़े चुनाव आयोग को भेजे गए हैं उन आंकड़ों को लेकर आयोग संतुष्ट नहीं है आयोग ने कहा है कि जो आंकड़े उन्हें ओबीसी के संदर्भ में दिए गए हैं उनमें गंभीर त्रुटियां और कमियां हैं जिसकी वजह से पंचायत चुनाव में वार्ड के आरक्षण में बड़ी दिक्कतें आ सकती है इसलिए जिला कलेक्टरों को फिर से निर्देशित किया जाए कि वे ओबीसी से जुड़े सभी तरह के आंकड़े सटीक और पारदर्शक तरीके से तैयार करके दोबारा से भेजें इस आशय का पत्र आयोग की ओर से प्रदेश के मुख्य सचिव श्रीनिवास को भेजा गया है इसलिए आयोग के इस पत्र को देखते



हुए अब ऐसा लग रहा है कि कोर्ट ने 15 अप्रैल से पहले पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव करवाने के जो निर्देश दिए थे लेकिन आयोग ने ओबीसी के गलत और त्रुटिहीन आंकड़ों का हवाला देकर चुनाव करवाने में पीछे हट रहा है क्योंकि आयोग चाहता है कि पंचायत के वार्डों में ओबीसी का आरक्षण ठीक तरह से उपलब्ध करवाया जाए इसलिए अब यह चर्चा होने लगी है कि 15 अप्रैल से पहले चुनाव नहीं हो सकते कुल मिलाकर यह प्रबल संभावना बन गई है कि कोर्ट ने जो पंचायत चुनाव करवाने की तारीख निर्धारित की थी उस निर्धारित तारीख तक चुनाव करवाने में चुनाव आयोग खुद को असमर्थ महसूस कर रहा है जानकारी के अनुसार ओबीसी आयोग की ओर से रिपोर्ट तैयार करने में लगातार कई वजह से विलंब हो रहा है इस देरी की वजह से ही चुनाव आयोग प्रदेश में पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव करवाने के लिए पूरी तरह से तैयार नजर नहीं आ रहा हालांकि राजस्थान सरकार ने पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव करवाने के लिए अपने स्तर पर तैयारी पुरी की हुई है और चुनाव करवाने के लिए चुनाव आयोग को पूरी तरह से फ्री हैंड भी दिया हुआ है लेकिन ओबीसी आयोग की ओर से रिपोर्ट नहीं मिलने की वजह से चुनाव आयोग चुनाव नहीं करवा पा रहा यह विषय पिछले कुछ महीनो से लगातार उठ रहा है कांग्रेस पार्टी के नेट बराबर सरकार पर आरोप लगाते हैं कि सरकार जानबूझकर चुनाव नहीं करवाना चाहती लेकिन सरकार से जुड़े लोग बार-बार यही कह रहे हैं कि सरकार चुनाव करवाने के लिए पूरी तरह से तैयार है आयोग जब चाहे चुनाव करवा सकता है आयोग ओबीसी आयोग की रिपोर्ट का इंतजार कर रहा है ओबीसी आयोग की रिपोर्ट के बिना आयोग चुनाव करवाने की स्थिति में भी नहीं है अभी जो रिपोर्ट आयोग को मिली है उसमें ओबीसी के आंकड़े ठीक नहीं बताई जा रहे आयोग ने इन आंकड़ों को लेकर कई तरह के सवाल खड़ी किए हैं और संपूर्ण रिपोर्ट नहीं होने की बात कह कर आयोग ने प्रदेश के मुख्य सचिव को प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों से फिर से ओबीसी के संदर्भ में आंकड़े भेजने की बात कही है जानकार लोगों का कहना है कि अब यह पूरी तरह से प्रतीत होता है कि 15 अप्रैल से पहले किसी भी हालत में पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव राजस्थान में नहीं होने वाले क्योंकि जब तक चुनाव आयोग ओबीसी के आंकड़ों से पूरी तरह से संतुष्ट नहीं होगा तब तक आयोग चुनाव नहीं करवाएगा ऐसे में अब देखने वाली बात यह होगी कि राजस्थान सरकार कोर्ट में किस तरह का जवाब प्रस्तुत किया जाएगा क्योंकि कोर्ट ने सरकार और आयोग को 15 अप्रैल से पहले हर हाल में चुनाव करवाने के निर्देश दिए थे राजस्थान विधानसभा के चालू बजट सत्र में भी कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं ने साफ कहा कि राजस्थान सरकार जानबूझकर पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव नहीं करवा रही राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली भी बार-बार यही कह रहे हैं कि सरकार जानबूझकर पंचायत के चुनाव टाल रही है ।

## 'सुपरवुमन' बनने की होड़ में अपनी सेहत को न करें दरकिनार: एक डॉक्टर की सलाह



डॉ आभा सपरा
अध्यक्ष ( AOGS)



डॉ चारू जौहरी
सचिव ( AOGS )

आज 8 मार्च है गलियों में लगे होर्डिंग्स, सोशल मीडिया पर शुभकामनाओं की बाढ़ और विज्ञापनों में 'मजबूत महिला' की चमकती तस्वीरें—यह सब अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की रौनक है। लेकिन एक स्त्री रोग विशेषज्ञ (Gynecologist) के तौर पर, जब मैं अपने क्लीनिक में बैठती हूँ, तो मुझे इन तस्वीरों के पीछे एक अलग हकीकत दिखाई देती है।

मेरे पास आने वाली हर दूसरी महिला की कहानी एक जैसी है। वे घर संभालती हैं, दफ्तर की जिम्मेदारियाँ निभाती हैं और बच्चों की पढ़ाई से लेकर बड़ों की सेहत तक का ख्याल रखती हैं। लेकिन जब मैं उनसे पूछती हूँ, 'आपको यह दर्द या तकलीफ कब से है? ', तो जवाब मिलता है– 'तीन-चार महीने से, पर बच्चों की परीक्षा थी तो समय नहीं मिला। '

**स्वयं की उपेक्षा: एक खामोश बीमारी**

भारतीय समाज में महिलाओं को अक्सर 'त्याग की मूर्ति' के रूप में देखा जाता है। विडंबना यह है कि महिलाएँ खुद भी इसी छवि को बनाए रखने के लिए अपनी सेहत को आखिरी प्राथमिकता देती हैं। वर्ष 2026 में, जब हम तकनीक और सशक्तिकरण की बातें कर रहे हैं, हमें यह समझना होगा कि 'मजबूत' होने से पहले 'स्वस्थ' होना अनिवार्य है।

**स्त्री रोग विशेषज्ञ के नाते मेरे 3 मुख्य सुझाव:**

स्क्रीनिंग से न डरें: भारत में महिलाओं में सर्वाइकल (बच्चेदानी के मुंह का) कैंसर और ब्रेस्ट कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। दुखद यह है कि अधिकांश मामले आखिरी स्टेज में पता चलते हैं। 30 साल की उम्र के बाद हर महिला को साल में एक बार 'पैप स्मीयर' (Pap Smear) और 'मैमोग्राफी' के बारे में अपने डॉक्टर से जरूर बात करनी चाहिए। यह जांच जान बचा सकती है।

एनीमिया: एक मौन संकट: हमारे देश में आज भी 50' से अधिक महिलाएँ खून की कमी (एनीमिया) की शिकार हैं। थकान, चिड़चिड़ापन और कमजोरी को केवल 'काम का तनाव' समझकर नजरअंदाज न करें। आयरन युक्त आहार और समय पर रक्त की जांच आपकी कार्यक्षमता बढ़ा सकती है।

हार्मोनल सेहत और मेंटल हेल्थ: पीसीओएस (PCOS), थायराइड और मेनोपॉज (रजोनिवृत्ति) केवल शारीरिक बदलाव नहीं हैं, ये आपके मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करते हैं। मूड स्विंग्स या घबराहट को छुपाएं नहीं, विशेषज्ञ की सलाह लें।

सशक्तिकरण की नई परिभाषा इस महिला दिवस पर मेरा संदेश बहुत सरल है: घर और दफ्तर की जिम्मेदारियों के बीच खुद को न खोएं। अपनी सेहत का ध्यान रखना 'स्वार्थ' नहीं, बल्कि 'जरूरत' है। यदि आप स्वस्थ नहीं होंगी, तो आप अपने परिवार और सपनों की देखभाल बेहतर तरीके से नहीं कर पाएंगी।

आज संकल्प लें कि आप साल में कम से कम एक बार अपना 'फुल बॉडी चेकअप' कराएंगी। याद रखें, एक स्वस्थ नारी ही एक समृद्ध और सशक्त समाज की नींव रख सकती है।

खुद को 'स्वास्थ्य' का उपहार दें। आप इसकी हकदार हैं।

# नीतीश के बाद बिहार की राजनीति

*शायद उसी के तहत नीतीश राज्यसभा जा रहे हैं। संभव है राज्यसभा सदस्य के रूप में नीतीश कुमार को केंद्र सरकार में कोई महत्वपूर्ण मंत्रालय मिल जाए। जद-यू द्वारा हरिवंश को तीसरी बार राज्यसभा न भेजने से वहां उप सभापति पद भी रिक्त होने जा रहा है, पर स्वास्थ्य संबंधी चर्चाओं के मद्देनजर नीतीश कुमार शायद ही वह जिम्मेदारी लें। जो भी हो, बिहार में पहले भाजपाई मुख्यमंत्री की ताजपोशी का रास्ता साफ दिख रहा है। राज्यसभा चुनाव 16 मार्च को होगा। नीतीश मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा राज्यसभा सदस्य चुने जाने के बाद ही देंगे, पर भाजपा में नया मुख्यमंत्री चुनने पर चर्चा शुरू हो चुकी है। नीतीश सरकार में भाजपा कोटे के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत कई नाम चर्चा में हैं। अतीत का अनुभव बताता है कि पद की दौड़ में शामिल बताए जाने वाले नाम जीत के पोडियम तक कम ही पहुंच पाते हैं। देवेंद्र फडणवीस अपवाद हैं। जाति से प्रभावित बिहार की राजनीति में अपने पहले मुख्यमंत्री का चयन भाजपा के लिए आसान नहीं होगा, पर अपनी ही शैली में ऐसी चुनौतियों से पार पाते हुए हमने उसे कई बार देखा है। देखना यह होगा कि भाजपा अपने परंपरागत जनाधार वर्गों में से किसी पर दांव लगाती है या फिर जनाधार के विस्तार के लिए किसी नए वर्ग के चेहरे को चुनती है। नई सरकार में उप मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार के पुत्र निशांत की ताजपोशी भी संभव है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प*



जब पूरा देश होली में व्यस्त था, तब मीडिया में राज्यसभा सदस्यता के जरिये पुत्र निशांत के राजनीतिक आगाज की चर्चा चल रही थी, पर होली का खुमार उतरते-उतरते साफ हो गया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दो दशक से भी लंबी पारी पर विराम लगने जा रहा है। नीतीश ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में पटना में राज्यसभा के लिए नामांकन कर दिया। यह साफ है कि इतने महत्वपूर्ण राज्य में अंजाम दिए गए सत्ता परिवर्तन की पटकथा रातों रात नहीं लिखी गई होगी।

शायद यह पटकथा पिछले साल नवंबर में विधानसभा चुनाव के समय ही लिख दी गई थी। इसलिए नहीं कि जद-यू की 85 सीटों के मुकाबले भाजपा 89 सीटें जीत गई थी। भाजपा सीटें तो 2020 में भी जद-यू से ज्यादा जीती थी, फिर भी उसने नीतीश को ही मुख्यमंत्री बनाया, क्योंकि तब उनके पास राजद के साथ मिल सरकार बनाने का विकल्प था। भाजपा से तनातनी के बीच नीतीश ने वह विकल्प आजमाया भी, पर विपक्षी गठबंधन का संयोजक न बनाए जाने पर 2024 के शुरू में वे राजग में वापस लौट आए। 2025 के विधानसभा चुनाव में जद-यू की सीटें तो 43 से बढ़ कर 85 हो गईं, पर राजद और कांग्रेस की करारी हार के बाद नीतीश के पास कोई विकल्प नहीं बचा। दरअसल सहयोगी चिराग पासवान की लोजपा, जीतनराम मांझी की हम और उपेंद्र कुशवाहा के रालोमो की मिली सीटों की बदौलत भाजपा विपक्ष में मामूली तोड़फोड़ के जरिये पिछले साल ही बिहार में अपने पहले मुख्यमंत्री की ताजपोशी कर सकती थी, पर उसने नीतीश को सम्मानजनक विदाई का आफर दिया।

शायद उसी के तहत नीतीश राज्यसभा जा रहे हैं। संभव है राज्यसभा सदस्य के रूप में नीतीश कुमार को केंद्र सरकार में कोई महत्वपूर्ण मंत्रालय मिल जाए। जद-यू द्वारा हरिवंश को तीसरी बार राज्यसभा न भेजने से वहां उप सभापति पद भी रिक्त होने जा रहा है, पर स्वास्थ्य संबंधी चर्चाओं के मद्देनजर नीतीश कुमार शायद ही वह जिम्मेदारी लें। जो भी हो, बिहार में पहले भाजपाई मुख्यमंत्री की ताजपोशी का रास्ता साफ दिख रहा है। राज्यसभा चुनाव 16 मार्च को होगा। नीतीश मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा राज्यसभा सदस्य चुने जाने के बाद ही देंगे, पर भाजपा में नया मुख्यमंत्री चुनने पर चर्चा शुरू हो चुकी है। नीतीश सरकार में भाजपा कोटे के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत कई नाम चर्चा में हैं। अतीत का अनुभव बताता है कि पद की दौड़ में शामिल बताए जाने वाले नाम जीत के पोडियम तक कम ही पहुंच पाते हैं। देवेंद्र फडणवीस अपवाद हैं। जाति से प्रभावित बिहार की राजनीति में अपने पहले मुख्यमंत्री का चयन भाजपा के लिए आसान नहीं होगा, पर अपनी ही शैली में ऐसी चुनौतियों से पार पाते हुए हमने उसे कई बार देखा है। देखना यह होगा कि भाजपा अपने परंपरागत जनाधार वर्गों में से किसी पर दांव लगाती है या फिर जनाधार के विस्तार के लिए किसी नए वर्ग के चेहरे को चुनती है। नई सरकार में उप मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार के पुत्र निशांत की ताजपोशी भी संभव है।

ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि लालू के विरुद्ध परिवारवाद को बड़ा मुद्दा बनाने वाले नीतीश पुत्रवाद को कैसे जायज ठहराएंगे? बेशक निशांत के साथ एक और उप मुख्यमंत्री बनाकर सामाजिक समीकरण साधने की सुविधा भाजपा के पास रहेगी, बशर्ते 19 विधायकों वाले चिराग पासवान भी उस पद के लिए न अड़ जाएं। वैसे चिराग को पहले ही साधना होगा। यदि लोजपा के वोट नहीं मिले तो उपेंद्र कुशवाहा का राज्यसभा के लिए चुना जाना मुश्किल होगा। यह देखना होगा कि भाजपा के लिए बिहार में अपना पहला मुख्यमंत्री बना लेना ज्यादा चुनौतीपूर्ण रहेगा या उसके बाद की राजनीति? जद-यू की सीटों में अप्रत्याशित उछाल ने बिहार का राजनीतिक समीकरण बहुत उलझा दिया है। जद-यू नीतीश के करिश्माई नेतृत्व को इसका श्रेय देना चाहता है, पर उन्हीं के नेतृत्व में पार्टी 2020 में मात्र 43 सीटों पर सिमट गई थी। जब-तब विवादास्पद टिप्पणियों से इतर उनकी छवि साफ-सुथरे नेता और 'सुशासन बाबू' की ही रही है, पर अब जबकि वे संसद के दोनों सदनों की सदस्यता की अपनी 'पुरानी इच्छा' पूरी करने के लिए मुख्यमंत्री पद छोड़ रहे हैं, तब प्रश्न यह है कि बिहार में उनके साथ पिछले ढ़ाई-तीन दशक में जुड़ा जनाधार आगामी चुनावों में किधर जाएगा? पटना में मुख्यमंत्री आवास और जद-यू कार्यालय में जैसा माहौल दिखा तथा भाजपा से निकटता वाले अपने ही दल के नेताओं ललन सिंह, विजय चौधरी और संजय झा के विरुद्ध जैसी नारेबाजी हुई, उससे आंतरिक असहजता का ही संदेश मिलता है। इन नेताओं पर भाजपा से मिलीभगत कर 'अस्वस्थ' नीतीश को 'हाईजैक' करने के तेजस्वी यादव के आरोपों को राजनीति प्रेरित शरारत मान लें तो भी जद-यू के अंदर से मुखर प्रतिक्रियाएं दल के जनाधार के भविष्य के प्रति सवाल पैदा करती हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस विशेष- कामकाजी महिलाओं की चुनौतियाँ एवं समाधान

हर वर्ष 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं के सम्मान, उनके अधिकारों और समाज में उनके योगदान को पहचान देने के लिए समर्पित है। आज महिलाएँ शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन, विज्ञान, व्यापार और खेती जैसे लगभग हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इसके बावजूद कामकाजी महिलाओं को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से भारत में, और उससे भी अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं के जीवन में जिम्मेदारियाँ और संघर्ष अधिक दिखाई देते हैं। कामकाजी महिलाओं के सामने सबसे बड़ी समस्या दोहरी जिम्मेदारी की होती है। एक ओर उन्हें अपने कार्यालय या कामकाज की जिम्मेदारी निभानी होती है और दूसरी ओर घर और परिवार की देखभाल भी करनी पड़ती है। सुबह जल्दी उठकर खाना बनाना, बच्चों को तैयार करना, बुजुर्गों की देखभाल करना और घर के अन्य काम निपटाने के बाद उन्हें अपने कार्यस्थल के लिए निकलना पड़ता है। दिनभर काम करने के बाद जब वे घर लौटती हैं, तो फिर से घर के काम उनका इंतजार कर रहे होते हैं। इस तरह उनका अधिकांश समय काम में ही बीत जाता है और वह अपने स्वास्थ्य पर ज्यादा ध्यान नहीं दे पाती हैं



लेखक
इंजी. नवीन जायसवाल,
अलवर, राजस्थान

ग्रामीण भारत की महिलाओं की स्थिति कई बार और भी कठिन होती है। वे घर के कामों के साथ-साथ खेतों में भी काम करती हैं। पशुपालन, पानी भरना, चारा लाना और खेती से जुड़े कामों में उनका महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी भी उनकी समस्याओं को बढ़ा देती है।

इन समस्याओं के समाधान के लिए समाज, सरकार और परिवार को मिलकर प्रयास करना चाहिए। सबसे पहले महिलाओं की शिक्षा को बढ़ावा देना आवश्यक है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों और प्रशिक्षण केंद्रों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है।

दूसरा महत्वपूर्ण कदम है महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना। स्वयं सहायता समूह, कौशल विकास कार्यक्रम और छोटे व्यवसाय के अवसर ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में मदद कर सकते हैं। इसके साथ ही परिवार के भीतर जिम्मेदारियों का समान बंटवारा भी जरूरी है। यदि परिवार के सदस्य घर के कामों में सहयोग करें, तो महिलाओं का बोझ कम हो सकता है।

समाज, सरकार, कानून की तरफ से महिलाओं की तरक्की के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है उनको शिक्षित, आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य सरकारों एवं केंद्र सरकारों के द्वारा बहुत सारी स्कीम चलाई जा रही हैं जो की सराहनीय हैं लेकिन इन सुविधाओं का और कानून के द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रदत्त किए गए नियमों का अगर कोई महिला दुरुपयोग करती है तो वह भी निंदनीय है. ऐसी महिलाओं का समाज की सभ्य महिलाओं को विरोध करना चाहिए जिससे कि समाज में महिलाओं के प्रति एक सम्मान बना रहे.

अंत में यह कहना उचित होगा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि महिलाओं के संघर्ष और योगदान को समझने का अवसर है। इसलिए आवश्यक है कि उन्हें सम्मान, सहयोग और समान अवसर दिए जाएँ, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें और समाज को और अधिक मजबूत बना सकें।

# महिलाओं के योगदान को मिलती पहचान

*महिला नेतृत्व वाला विकास आज एक सशक्त नीतिगत दृष्टि है, जो बजट, कार्यक्रमों और संस्थागत सुधारों में परिलक्षित होती है। सरकार का दृष्टिकोण देखभाल से जुड़ी सेवाओं को पेशेवर स्वरूप प्रदान कर उन्हें समावेशी विकास के एक नए इंजन के रूप में रूपांतरित करना है। यही कारण है कि हाल में भारत में महिला श्रम शक्ति सहभागिता दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो 2017-18 में 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 41.7 प्रतिशत हो गई है। यह आंकड़ा भारतीय महिलाओं की बढ़ती आकांक्षाओं और आर्थिक गतिविधियों में उनके बढ़ते प्रभुत्व का सूचक है। सवैतनिक कार्यों में महिलाओं की यह भागीदारी न केवल घरेलू समृद्धि का आधार बन रही है, बल्कि राष्ट्रीय उत्पादकता को भी नई ऊंचाइयों पर ले जा रही है। आर्थिक सर्वेक्षण इस वास्तविकता को रेखांकित करता है कि यदि हम अवैतनिक देखभाल के बोझ*

देश आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की तैयारी कर रहा है। भारत की विकास यात्रा में महिलाओं की भूमिका परिधि में नहीं, बल्कि केंद्र में रही है। आज समाज की हर दृश्यमान उपलब्धि के पीछे महिला संचालित एक आधारशक्ति अनवरत कार्य कर रही है, जिसका नाम है-देखभाल की अर्थव्यवस्था यानी केयर इकोनमी। यह वह मौन ऊर्जा है, जो भारत के अस्तित्व को हर पल संबल प्रदान करती है।

यह उस मां का समर्पण है, जो सूर्योदय से पूर्व अपनों के लिए भोजन पकाती है और फिर जीविका की चुनौतियों की ओर निकल पड़ती है। यह उस पत्नी की अटूट निष्ठा है, जो कठिन से कठिन समय में भी परिवार की नींव को दरकने नहीं देती। यह उस बेटी का निःस्वार्थ भाव है, जो दिन भर की थकान के बाद भी रात के पहर अपने माता-पिता के सिरहाने बैठती है। यह शक्ति किसी यश या प्रशंसा की आकांक्षी नहीं है। वह तो बस कर्तव्य की उस अविरल धारा की तरह है, जो बिना शोर मचाए सृजन करती रहती है। ऐतिहासिक रूप से महिलाओं के योगदान का एक विशाल हिस्सा विशेषकर अवैतनिक देखभाल, अनौपचारिक श्रम और सामुदायिक सेवा पारंपरिक आर्थिक गणनाओं की परिधि से बाहर रहा है। इसे देखते हुए मोदी सरकार ने देखभाल के इस अदृश्य पहलू को कम करने, उसे सामाजिक मान्यता देने और उसके न्यायसंगत पुनर्वितरण पर बल दिया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को केवल लाभार्थी के रूप में नहीं, बल्कि विकास के अग्रदूत के रूप में मान्यता दी गई है। महिला नेतृत्व वाला विकास आज एक सशक्त नीतिगत दृष्टि है, जो बजट, कार्यक्रमों और संस्थागत सुधारों में परिलक्षित होती है। सरकार का दृष्टिकोण देखभाल से जुड़ी सेवाओं को पेशेवर स्वरूप प्रदान कर उन्हें समावेशी विकास के एक नए इंजन के रूप में रूपांतरित करना है। यही कारण है कि हाल में भारत में महिला श्रम शक्ति सहभागिता दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है,



जो 2017-18 में 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 41.7 प्रतिशत हो गई है। यह आंकड़ा भारतीय महिलाओं की बढ़ती आकांक्षाओं और आर्थिक गतिविधियों में उनके बढ़ते प्रभुत्व का सूचक है। सवैतनिक कार्यों में महिलाओं की यह भागीदारी न केवल घरेलू समृद्धि का आधार बन रही है, बल्कि राष्ट्रीय उत्पादकता को भी नई ऊंचाइयों पर ले जा रही है। आर्थिक सर्वेक्षण इस वास्तविकता को रेखांकित करता है कि यदि हम अवैतनिक देखभाल के बोझ को कम कर सकें और इन सेवाओं को एक व्यावसायिक स्वरूप प्रदान करें तो महिला रोजगार के परिदृश्य में एक क्रांतिकारी बदलाव आएगा। भारतीय केयर इकोनमी वर्तमान में लाखों लोगों की आजीविका का संबल है और आने वाले दशक में इसमें रोजगार सृजन की अपार संभावनाएं हैं। यही कारण है कि केंद्रीय बजट 2026-27 में केयर इकोनमी को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया है। महिलाओं के नेतृत्व में विकास के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता ऐतिहासिक जेंडर बजट में स्पष्ट झलकती है, जिसका आवंटन अब तक के उच्चतम स्तर पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक पर पहुंच गया है। मोदी सरकार 1.5 लाख देखभालकर्ताओं के कौशल विकास में भी निवेश कर रही है, कामकाजी महिला छात्रावासों का विस्तार कर रही है और आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक बनाकर प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल सुनिश्चित कर रही है। इसके साथ ही स्वास्थ्य एवं पोषण प्रणालियों के समन्वय को भी सशक्त किया जा रहा है। ये सभी प्रयास एक स्पष्ट राजनीतिक और नैतिक प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं कि जब महिलाओं को आवश्यक सहयोग और मंच मिलता है तो संपूर्ण अर्थव्यवस्था की गति तीव्र हो जाती है। सामाजिक सुरक्षा संहिता और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य स्थिति संहिता जैसे वैधानिक ढांचे शिशु देखभाल केंद्रों और श्रमिक कल्याण के प्रविधानों को सुदृढ़ करते हैं।

# अमेरिका का मुगालता

अमेरिकी प्रशासन ने भारत को रूस से एक माह तक तेल खरीदने की जो कथित छूट दी, उससे कुछ ऐसा ध्वनित हो रहा है कि यह तय करने का अधिकार उसने अपने हाथ ले लिया है कि कौन देश किससे, कब तेल खरीद सकता है और कौन नहीं? उसके पास ऐसा कोई अधिकार न था, न है और न हो सकता है, लेकिन यूक्रेन युद्ध खत्म कराने के बहाने वह लंबे समय से भारत पर रूस से तेल न खरीदने का दबाव बनाए हुए है। उसने भारत पर रूस से तेल खरीदने के कारण 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ भी थोपा, पर भारत ने इसकी परवाह नहीं की। आखिरकार उसने अपने स्तर से ही भारत से अंतरिम व्यापार समझौता पर सहमति बन जाने की घोषणा करते हुए पारस्परिक टैरिफ



25 से 18 प्रतिशत किया और रूस से तेल खरीदने के कारण लगाए गए अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ को खत्म किया। वास्तव में वह ऐसा करने के लिए बाध्य हुआ, क्योंकि भारत ने यूरोपीय संघ से सभी व्यापार समझौते की जननी कहे जाने वाला व्यापार समझौता कर उसे यह संदेश दिया कि उसके पास और भी विकल्प हैं। सच यह भी है कि भारत ने रूस से तेल खरीद पूरी तौर पर कभी भी बंद नहीं की। जनवरी और फरवरी माह में भी उसने रूस से तेल खरीदा। इसके अलावा भारत बार-बार यह भी दोहराता रहा है कि वह अपने ऊर्जा हितों की रक्षा के लिए रूस समेत कहीं से भी तेल खरीदने के लिए स्वतंत्र है। आखिर जब भारत रूस से तेल खरीद ही रहा है तो फिर अमेरिका के यह कहने का क्या मतलब कि वह भारत को उससे 30 दिन के लिए तेल खरीदने की छूट दे रहा है? अमेरिका ने तथाकथित उदारता दिखाते हुए भारत को रूस से तेल खरीदने की जो मंजूरी दी, वह उसकी मजबूरी का ही परिचायक है। वह जानता है कि ईरान से युद्ध के कारण पश्चिम एशिया से तेल एवं गैस की आपूर्ति बाधित हो रही है और उनके दाम भी बढ़ रहे हैं। इससे समूची विश्व अर्थव्यवस्था के समक्ष जो संकट पैदा होगा, उसके दुष्प्रभाव से वह भी नहीं बच पाएगा। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि तेल एवं गैस की आपूर्ति का जो वैश्विक संकट खड़ा हो गया है, उसके लिए मूलतः अमेरिका ही जिम्मेदार है। यदि वह इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर हमला नहीं करता तो होर्मुज जल मार्ग से तेल की आपूर्ति बाधित नहीं होती।

# सरकारी आवासों में चोरी का एक माह बाद भी सुराग नहीं, राज्यपाल व एसपी को भेजा ज्ञापन

## चोरों की गिरफ्तारी व चोरी का माल बरामद करने की मांग

जयपुर टाइम्स



**चौमूं(निस)।** ग्राम गोविंदगढ़ कस्बे की 132 केवी जीएसएस कॉलोनी में तीन कर्मचारियों के सरकारी आवासों में हुई चोरी की वारदात का एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पुलिस को कोई सुराग नहीं मिल पाया है। कार्रवाई नहीं होने से नाराज पीड़ित पक्ष और कर्मचारियों ने राजस्थान के राज्यपाल तथा जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन भेजकर चोरों की जल्द गिरफ्तारी और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है। ज्ञापन में ग्रामीण युवा विकास मंच के प्रदेश अध्यक्ष नरपत सिंह राठौड़ और पीड़ित बृजेश कुमार ने बताया कि विद्युत निगम की 132 केवी जीएसएस कॉलोनी में रात के समय चोरों ने तीन सरकारी आवासों के ताले तोड़कर जेवरात, नकदी और अन्य सामान चोरी कर लिया था। घटना के समय कर्मचारी आवासों पर मौजूद नहीं थे। सूचना मिलने पर गोविंदगढ़ थाना प्रभारी विनोद सांखला मौके पर पहुंचे और एफएसएल टीम के साथ साक्ष्य जुटाए थे। पीड़ित बृजेश कुमार, जो सहायक अभियंता कार्यालय गोविंदगढ़ में फीडर इंचार्ज के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि 14 जनवरी को ताऊजी के निधन के कारण वे अपने पैतृक गांव गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने उनके सरकारी आवास का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी कर ली। चोरी हुए सामान में सोने का हार, मांग टीका, चार अंगूठियां, चार झुमके, दो मंगलसूत्र, सोने के 10 मोती, चांदी की दो चेन, तीन पायल, दो बिछुड़ियां तथा दो गुल्लकों में रखे करीब 25 हजार रुपये सहित लगभग 20 हजार रुपये नकद शामिल हैं। पीड़ित ने बताया कि गांव से लौटने के बाद उन्होंने गोविंदगढ़ थाने में मामला दर्ज करवाया था, लेकिन एक माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद अब तक चोरों का कोई सुराग नहीं लग पाया है। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने कॉलोनी में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और मामले में जल्द कार्रवाई की मांग की है। गौरतलब है कि पीड़ित बृजेश कुमार यादव राजस्थान विद्युत तकनीकी कर्मचारी एसोसिएशन, उपखंड गोविंदगढ़ के अध्यक्ष भी हैं। संगठन के पदाधिकारी के साथ हुई इस घटना और पुलिस की धीमी कार्रवाई को लेकर कर्मचारियों में रोष है।

### कर्मचारियों ने जताया रोष, आंदोलन की चेतावनी:

चोरी की घटना में अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से आक्रोशित विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने शनिवार को बैठक आयोजित की। बैठक में महेन्द्र बिजारणिया, महेन्द्र यादव, शेरसिंह प्रचार, साजिद अली, सुरेन्द्र, अशोक नायक और राजकुमार कुमावत सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे। कर्मचारियों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर असंतोष जताते हुए कहा कि यदि जल्द ही चोरों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन का रास्ता अपनाएगा।

## इंस्पायर अवॉर्ड योजना में सिंगोद खुर्द के चार विद्यार्थियों का चयन



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** भारत सरकार के विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से संचालित इंस्पायर अवॉर्ड-मानक योजना के तहत महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) सिंगोद खुर्द के चार विद्यार्थियों का चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में मनीष कुमार बुनकर, विक्रम नायक, कृष्णा सैनी और निशा शामिल हैं। विद्यार्थियों के चयन से विद्यालय परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। प्रभारी अध्यापक दीपक वर्मा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने अपने नवाचारी विचार प्रस्तुत कर यह उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय के संस्थाप्रधान चन्द्रशेखर बाकोलिया ने बताया कि विद्यालय के छात्र-छात्राएं सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए नए-नए वैज्ञानिक आइडिया तैयार कर रहे हैं और विज्ञान के क्षेत्र में विशेष रुचि दिखा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इंस्पायर अवॉर्ड योजना के तहत चयनित प्रत्येक विद्यार्थी को अपने नवाचारी मॉडल विकसित करने के लिए 10-10 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी, जो सीधे उनके बैंक खातों में जमा होगी। इस राशि से विद्यार्थी अपने प्रोजेक्ट को विकसित कर सकेंगे। विद्यालय परिवार ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि विज्ञान के प्रति विद्यार्थियों का यह उत्साह भविष्य में नए वैज्ञानिक तैयार करने में सहायक सिद्ध होगा।

## 5 ओवरलोड वाहनों के चालान, टैक्स डिफाल्टर 3 ट्रैक्टर जब्त



जयपुर टाइम्स

**नावांसिटी(निस)।** क्षेत्र में शनिवार को परिवहन विभाग की ओर से ओवरलोड और टैक्स डिफाल्टर वाहनों के खिलाफ विशेष कार्रवाई की गई। परिवहन विभाग के निरीक्षक मनोज शर्मा और किरण कुमार वर्मा के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के दौरान कई वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए गए पांच ओवरलोड वाहनों के चालान बनाए गए। इसके अलावा टैक्स बकाया होने पर तीन ट्रैक्टरों को जब्त (सीज) कर थाना परिसर में खड़ा करवाया गया। जिन टेक्टरों को जब्त किया गया है। यह नियम विरुद्ध ट्रैक्टरों के पीछे मिट्टी खोदने की मशीनें लगा लगा रखी है, साथ ही ट्रैक्टर को जेसीबी बना रखा है। परिवहन अधिकारियों ने बताया कि परिवहन नियमों की अवहेलना करने वाले व ओवरलोड वाहनों के खिलाफ आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई से सरकार को करीब चार लाख रुपये का राजस्व प्राप्त होने की संभावना है। परिवहन विभाग ने वाहन चालकों से नियमों का पालन करने और ओवरलोडिंग से बचने की अपील की है।

## जैसलमेर में 144 वर्ष बाद किले से बाहर आई 'दिव्य चादर'



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)** स्वर्ण नगरी जैसलमेर की ऐतिहासिक धरा शनिवार को एक अपूर्व आध्यात्मिक घटना की साक्षी बनी। अवसर था दादा गुरुदेव जिनदत्त सुरीश्वर महाराज के श्चादर महोत्सवश् का। मुख्य अतिथि केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि यह चादर मात्र एक वस्त्र नहीं, बल्कि जैसलमेर की रक्षा का जीवंत प्रमाण है। 144 वर्ष पूर्व जब जैसलमेर में भीषण महामारी फैली थी, तब इसी पवित्र चादर के आगमन मात्र से शहर रोगमुक्त हुआ था। इतने लंबे अंतराल के बाद इस चादर का किले से बाहर आना और आमजन के दर्शनार्थ उपलब्ध होना, हम सबके लिए संकल्प का अवसर है। आध्यात्मिक दर्शन पर चर्चा करते हुए शेखावत ने कहा कि भारत की आध्यात्मिक परंपरा में गुरु का स्थान सबसे ऊंचा माना गया है। 'गुरुर ब्रह्मा गुरुर विष्णु...' के मंत्र के साथ यह स्पष्ट है कि गुरु ईश्वर से भी ऊपर है। जैसा कवि ने कहा, 'गुरु गोविंद दोनों खड़े काके लागू पाए, बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए'। गुरु सृजन का प्रेरक है, मार्गदर्शक है और जीवन में सत्य के मार्ग पर ले जाने वाला दिव्य प्रकाश है। शेखावत ने धर्म की गहरी व्याख्या करते हुए कहा कि दादा गुरु जी ने अपने तप, त्याग और साधना से समाज को न केवल अहिंसा, बल्कि संयम और करुणा का रास्ता दिखाया। उनके जीवन ने हमें सिखाया कि धर्म केवल पूजा-पाठ या कर्मकांड मात्र नहीं है, अपितु धर्म स्वयं के परिष्कार का माध्यम है। हम सौभाग्यशाली हैं कि आज हमें पुनः उसी परंपरा पर चलने का संकल्प लेने का अवसर मिला है। हम अपने व्यवहार में विनम्रता, सेवा और सदाचार का पालन करते हुए जीवन में कैवल्य की दिशा में आगे बढ़ें। जैसलमेर की वीरता को नमन करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह वह पवित्र भूमि है, जिसने हजारों वर्षों तक विदेशी आक्रांताओं के प्रहारों को अपने वक्ष स्थल पर रोककर भारत की रक्षा की। आज इस वीर प्रसूता भूमि पर संतों का यह अद्भुत समागम ज्ञान की एक नई चेतना और भक्ति का नया प्रस्फुटन लेकर आया है। यह महोत्सव न केवल जैसलमेर बल्कि पूरे देश के लिए आस्था, संस्कृति और सामाजिक समरसता का एक मील का पत्थर साबित हुआ है। इस आयोजन में गच्छ के अधिपति आचार्य जिन मण प्रभ सुरेश्वर महाराज, आचार्य जिन मनुज्ञ सागर, राष्ट्र संत वसंत विजय महाराज सहित विशाल संत समाज का सानिध्य मिला।

# आरटीओ कर्मचारियों ने ट्रक का शीशा तोड़ा, कार्रवाई की मांग

जयपुर टाइम्स



**चौमूं(निस)।** चंदवाजी स्टेट हाईवे पर शनिवार को आरटीओ कर्मचारियों और एक ट्रक ड्राइवर के बीच विवाद हो गया। इस दौरान कथित तौर पर आरटीओ कर्मचारियों ने ट्रक का शीशा तोड़ दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से शेयर हो रहा है। घटना मोरीजा से आगे एक निजी होटल के पास हुई जहां परिवहन विभाग की टीम वाहनों की जांच कर रही थी। जानकारी के अनुसार आरटीओ कर्मियों ने एक ट्रक को रोककर उसके दस्तावेजों की जांच शुरू की इसी दौरान ट्रक ड्राइवर और कर्मचारियों के बीच कहा सुनी हो गई जो बाद में विवाद में बदल गई। विवाद बढ़ने पर आरटीओ कर्मचारी पर ट्रक का शीशा तोड़ने का आरोप है। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने इस पूरे घटनाक्रम को अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया। सोशल मीडिया पर शेयर हुए वीडियो में ट्रक ड्राइवर और आरटीओ के कर्मचारियो के बीच तीखी बहस होती दिख रही है। इससे स्थानीय लोगों और ट्रक ड्राइवरों में नाराजगी की है। जयपुर विद्याधर नगर के डीटीओ अतुल शर्मा ने बताया कि फ्लाइंग टीम ओवरलोडिंग वाहनों की जांच और चालान की कार्रवाई कर रही थी। उन्होंने आरोप लगाया कि इस दौरान ट्रक ड्राइवर ने अधिकारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया। परिवहन विभाग के अनुसार ट्रक ड्राइवर के खिलाफ नियमों का उल्लंघन करने के मामले में करीब चालीस हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। हालांकि इस मामले में परिवहन विभाग की ओर से अभी तक कोई विस्तृत आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

# जैसलमेर में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की हुई बैठक



**जयपुर(कास)** केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के माध्यम से जिले में विकास के नए आयाम स्थापित कर आमजन को राहत दें एवं योजनाओं की जमीनी स्तर पर प्रभावी निगरानी रखते हुए सभी कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति तक पहुंचे उसी के अनुरुप अधिकारी कार्य करें। केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री शेखावत की अध्यक्षता में शनिवार को जैसलमेर कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित हुई। केन्द्रीय मंत्री श्री शेखावत ने बैठक में जैसलमेर जिले में संचालित केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों, परियोजनाओं, अभियानों सहित लोक कल्याण एवं सामुदायिक विकास की योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा एवं समीक्षा कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में शेखावत ने मरुस्थलीय जैसलमेर जिले में शहरी एवं ग्रामीण अंचलों की पेयजल प्रबन्धन गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा कर गर्मी के प्रारम्भ से ही जलदाय विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर आमजन को पीने का पानी समय पर उपलब्ध करायें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि वे खराब नलकूप एवं हैण्डपम्पों का एक अभियान चला कर उसे दुरुस्थ करायें ताकि पेयजल आपूर्ति में सुधार हो। उन्होंने राजस्व मशीनरी को भी इस कार्य में सहयोग देकर भौतिक सत्यापन करवा कर ग्रामीण अंचलों की वास्तविक स्थिति का आंकलन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा की एवं कार्यो को समय पर पूर्ण कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अवैध जल कनेक्शन काटने के लिए अभियान चला कर उचित कार्यवाही कराने एवं पुलिस विभाग को उसमें पूरा सहयोग प्रदान करने एवं आदतन अवैध कनेक्शन लेने वालों के विरुद्व पुलिस में मुकदमा कराने पर भी जोर दिया। उन्होंने नगर परिषद आयुक्त को सीवरेज तंत्र सुधारने, सफाई व्यवस्था बेहतर करने एवं अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी, पोकरण विधायक महन्त प्रतापपुरी, जिला कलक्टर प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रश्मि रानी, समिति सदस्य श्रीमती अंजना मेघवाल, दलपत हिंगड़ा, तारेन्द्रसिंह, दलाराम के साथ ही जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

### कुएं में लापता युवती का शव मिलने से फैली सनसनी

# आक्रोशित परिजनों ने धरना देकर किया विरोध प्रदर्शन, अपहरण कर हत्या का आरोप

## आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग, पुलिस पर लापरवाही का आरोप

जयपुर टाइम्स



**चौमूं(निस)।** सामोद थाना क्षेत्र में शनिवार को एक युवती का शव खेत के पास बने कुएं में मिला। जो युवती पिछले तीन-चार दिनों से लापता थी। ग्रामीणों ने सुबह कुएं में शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों के सामने परिजनों ने करीब आधा दर्जन लोगों पर अपहरण कर हत्या का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही गोविंदगढ़ सीओ राजेश जांगिड़, सामोद थाना प्रभारी गोपीचंद, गोविंदगढ़ थाना प्रभारी विनोद सांखला और कालाडेरा थाना प्रभारी पूजा पूनिया सहित अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा। ग्रामीणों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया । पुलिस ने प्राथमिक तौर पर मामले को संदिग्ध मानते हुए हर पहलू से जांच शुरू कर दी है।मृतका के परिजनों ने इसे हत्या बताते हुए करीब आधा दर्जन से अधिक लोगों पर युवती का अपहरण कर हत्या करने का आरोप लगाया है। परिजनों का यह भी आरोप है कि युवती के लापता होने के बाद उन्होंने सामोद थाना पुलिस को सूचना भी दी थी। लेकिन पुलिस ने समय पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इस बात को लेकर ग्रामीण में नाराजगी है। घटनास्थल पर जमा ग्रामीणों ने सामोद पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। ग्रामीणों और परिजनों ने धरना देकर पुलिस से निष्पक्ष जांच और दोषियों को कड़ी सजा दिलवाने की मांग की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री की टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया। टीम मौके से साक्ष्य जुटाए ताकि घटना की सच्चाई सामने आ सके। घटना की सूचना मिलने पर चौमू के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, विधायक शिखा मिल बराला, आरएलपी प्रदेश महामंत्री छुट्टन यादव, रविकांत शर्मा भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर न्याय दिलाने का आश्वासन दिया और पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष व जल्द ही जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# म्हारो पावन चित्तौड़' अभियान के तहत कुंभा नगर में विशेष सफाई अभियान आयोजित

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)** चित्तौड़गढ़ शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देने तथा नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'म्हारो पावन चित्तौड़' विशेष सफाई अभियान का आयोजन शनिवार को कुंभा नगर स्थित वार्ड संख्या 15 में किया गया। अभियान में नगरीय विकास एवं आवासन (यूडीएच) मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने भाग लिया। इस अवसर पर यूडीएच मंत्री खर्रा ने वार्डवासियों को कपड़े की थैलियां वितरित करते हुए आमजन से प्लास्टिक के उपयोग से बचने तथा स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ शहर के निर्माण में आमजन की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। अभियान के अंतर्गत सड़कों, नालियों एवं डिवाइडरों की समुचित सफाई कर विभिन्न स्थानों से कचरा एकत्रित किया गया तथा उसका डंपिंग स्थलों पर निस्तारण किया गया। साथ ही खाली भूखंडों की सफाई कर आवश्यकतानुसार चारदीवारी निर्माण की कार्रवाई भी की जा रही है। अभियान के दौरान सड़कों, नालियों एवं नालों की मरम्मत, फेरे कवर लगाना, दीवारों पर रंगाई-पुताई कर सौंदर्यीकरण, बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करना तथा आवश्यकतानुसार नई स्ट्रीट लाइट लगाने जैसे कार्य भी किए गए। इसके अतिरिक्त असुरक्षित विद्युत केबलों को सुरक्षित करने, ट्रांसफार्मरों की चारदीवारी करवाने, नाला-नालियों पर किए गए अतिक्रमण हटाने तथा वार्ड में स्थित पेड़-पौधों की कटाई-छंटाई जैसे कार्य भी अभियान के तहत किए गए। अभियान के दौरान आमजन को कपड़े की थैलियां वितरित कर पॉलिथीन के उपयोग से बचने के लिए प्रेरित किया गया तथा घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की गईं। इस अवसर पर जिला कलक्टर आलोक रंजन, नगर परिषद आयुक्त रविंद्र मेघवाल (प्रशिक्षु आईएएस), अतिरिक्त जिला कलक्टर रामचंद्र खटीक, सहित राजस्व, स्वच्छ भारत मिशन एवं विभिन्न शाखाओं के लगभग 70 से अधिक अधिकारी एवं कार्मिक अभियान में शामिल रहे।

### महिलाओं के वित्तीय सशक्तिकरण पर सम्मेलन आयोजित

# सही निवेश निर्णय से महिलाएं परिवार और समाज को बना सकती हैं मजबूत : रोहित कुमार

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं में वित्तीय जागरूकता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आर विराट वेल्थ एलएलपी की ओर से बी. एम. बिड़ला ऑडिटोरियम में 5 वां आर विराट वुमन वित्तीय सशक्तिकरण सम्मेलन 2026 शुक्रवार को आयोजित किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उन्हें सही वित्तीय निर्णय लेने के प्रति जागरूक करना रहा।कार्यक्रम में संस्थापक सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि महिलाएं यदि सही वित्तीय निर्णय लें तो वे न केवल अपने परिवार बल्कि समाज और देश की अर्थव्यवस्था को भी सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। जब महिलाएं सशक्त होती हैं तो परिवार सशक्त होता है और सशक्त परिवारों से ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण संभव होता है। सम्मेलन में मुख्य वक्ताओं के रूप में के. आर. हरिहरन उपाध्यक्ष एवं प्रमुख प्रशिक्षण एवं विकास, एक्सिस म्यूचुअल फंड, अल्पा शाह सामाजिक उद्यमी, लेखिका एवं वित्तीय प्रशिक्षक तथा सुनंदा वेंकटरमन क्वांटम म्यूचुअल फंड ने अपने अनुभव साझा किए और महिलाओं को निवेश, बचत एवं वित्तीय प्रबंधन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रोहित कुमार, संस्थापक - आर विराट वेल्थ एलएलपी ने अपने 28 वर्षों के वित्तीय अनुभव साझा करते हुए कहा कि निवेश के क्षेत्र में सही और विश्वसनीय जानकारी का होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज डिजिटल युग में इंटरनेट पर सूचनाओं की भरमार है, लेकिन सही जानकारी का चयन करना ही वास्तविक समझदारी है। निवेश की शुरुआत से पहले संपूर्ण जानकारी होना आवश्यक है, जिससे महिलाएं संभावित जोखिमों को समझते हुए आत्मविश्वास के साथ अपने वित्तीय भविष्य को सुरक्षित बना सकें।सम्मेलन के समापन पर संस्था की ओर से सभी विशिष्ट अतिथियों, वक्ताओं और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया। साथ ही भविष्य में भी महिलाओं की वित्तीय स्वतंत्रता और सशक्तिकरण के लिए ऐसे जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का संकल्प दोहराया गया।

## नि:शुल्क लैंस प्रत्यारोपण शिविर में 33 रोगियों के नेत्र ऑपरेशन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ की ओर से प्रतापसिंह सिंघी की पुण्य स्मृति में भामाशाह कमला सिंघी के सौजन्य से आयोजित हुए नि:शुल्क नेत्र लैंस प्रत्यारोपण शिविर का समापन शनिवार को हुआ। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि शिविर में 33 नेत्र रोगियों के सफल लैंस प्रत्यारोपण नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अपूर्व कोटिया की ओर से डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल में नि:शुल्क किए गए और ऑपरेशन हुए रोगियों को नि:शुल्क दवा व चश्मे दिए गए। इस अवसर पर क्लब सचिव महावीर मीरनका, गोपाल चोटिया, गिरधर शर्मा, योगेंद्र भोजक, पूसाराम, ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे।

## श्रमिकों को सुरक्षा की जानकारी देकर किया जागरूक



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के सामुदायिक जागरूकता व जनसहभागिता कार्यक्रम के तहत आरयूआईडीपी के अधिशाषी अभियंता मनोज कुमार मित्तल के निर्देशन में सीवरेज परियोजना में कार्यरत श्रमिकों को सुरक्षा व मौसमी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। कैंप आरयूआईडीपी के बाबू लाल ने कहा कि श्रमिक साथी राष्ट्रहित के विकास कार्यों में कार्य करते है जो एक राष्ट्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे है। सभी श्रमिक साथी साईट पर कार्य करते समय सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पूरे सुरक्षा उपकरणों के साथ ही कार्य करें। छोटी सी लापरवाही बहुत बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। साथ ही बताया कि सभी श्रमिक साथी स्वच्छता का पूर्ण ध्यान रखे तथा अपने आस-पास साफ सफाई रखे, साफ पानी का उपयोग करे, नित्य स्नान करे आदि अच्छी आदतें अपनाकर निरोग बने।

## चाकू की नोक पर लूट के मामले में पंजाब का एक और आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** पुलिस थाना सरदारशहर की टीम ने चाकू की नोक पर लूट के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार झुंझुनूं जिले के बिसाऊ तहसील के गांव नांद निवासी संदीप कुमार ने मामला दर्ज करवाया था कि 8 जून 2025 को शाम करीब 7:30 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल से नांद से सरदारशहर आ रहा था। रात करीब 9:30 बजे पुलासर गांव से आगे पहुंचने पर पीछे से कार में सवार चार लोगों ने उसकी मोटरसाइकिल के आगे गाड़ी लगाकर उसे रोक लिया। इसके बाद आरोपियों ने उसे जबरन मोटरसाइकिल से नीचे उतारकर अपनी कार में बैठा लिया और मारपीट कर उससे नगदी और एटीएम से पैसे निकालकर लूट लिए। घटना की गंभीरता को देखते हुए वृताधिकारी के निर्देशन में थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। हेड कांस्टेबल विजेंद्र सिंह सहित पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाएं। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस ने पहले तीन आरोपी बघेल सिंह निवासी खीराजपुर पंजाब, मनदीप उर्फ मैक्सी निवासी राजपुरा पंजाब व चरणजीत सिंह उर्फ चन्नी निवासी खेराजपुर राजपुरा पंजाब को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया था। पुलिस को जांच के दौरान जानकारी मिली कि इस वारदात में शामिल एक अन्य आरोपी संदीप उर्फ बाबू निवासी अजीत नगर खडोली राजपुरा पटियाला, पंजाब उपकारागार राजगढ़ में किसी अन्य मामले में बंद है। इस पर पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट के जरिए उसे उपकारागार राजगढ़ से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से अन्य वारदातों के संबंध में भी गहन पूछताछ की जा रही है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक हिम्मत सिंह की विशेष भूमिका रही।

राजस्थान सरकार

**न्यायालय तहसीलदार चूरू, जिला चूरू**

क्रमांक: भू.अ./2026/136 दिनांक 20-01-26

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी किशोर सिंह पुत्र पृथ्वीसिंह जाति राजपूत निवासी घंण्टेल तहसील चूरू ने दिनांक 21.05.2025 को एक प्रार्थना पत्र मय पंजीकृत वसीयत पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि रोही ग्राम घंण्टेल तहसील चूरू के खसरा नंबर 715 तादादी 5.5644 हैक्टेयर, खसरा नंबर 888/143 तादादी 2.2510 हैक्टेयर खसरा नंबर 894/857 तादादी 0.5059 कुल किता 3 तादादी 8.3213 हैक्टेयर सम्पूर्ण भूमि के 60/329 हिस्से की वसीयत पृथ्वी सिंह पुत्र खमसिंह जाति राजपूत निवासी घंण्टेल तहसील चूरू द्वारा दिनांक 11.11.2013 को किशोर सिंह पुत्र पृथ्वी सिंह जाति राजपूत निवासी घण्टेल तहसील चूरू के पक्ष में की गई है। वसीयतकर्ता पृथ्वी सिंह पुत्र खमसिंह की मृत्यु, दिनांक 02.04.2025 को हो चुकी है। जिसका वसीयत पत्र के आधार पर नामान्तरकरण दर्ज किया जावे। उक्त वसीयत के अनुसार पृथ्वीसिंह पुत्र खमसिंह जाति राजपूत निवासी घंण्टेल तहसील चूरू की उपर्युक्त वर्णित भूमि का नामान्तरकरण किशोर सिंह पुत्र पृथ्वी सिंह जाति राजपूत निवासी घण्टेल तहसील चूरू के पक्ष में दर्ज किया जाना है। इस बाबत किसी व्यक्ति का कोई एतराज या आपत्ति हो तो समाचार पत्र में प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष मय साक्ष्य पेश करें। समयावधि समाप्त होने पर किसी प्रकार का उजर या आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी तथा वसीयत के अनुसार प्रार्थना पत्र का नियमानुसार निस्तारण कर दिया जावेगा। यह सार्वजनिक सूचना आज दिनांक को 20.1.2026 मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मोहर से जारी की गई है।

अशोक गोरा (RTS)
तहसीलदार चूरू

# एक महिला की पहल से 'कबड्डी माह' बना फरवरी, गांव-गांव के मैदानों में उमड़ा खेल का जनसैलाब

### एडवोकेट गायत्री पूनिया के प्रयास से दर्जनभर पंचायतों में प्रतियोगिताएं, एक लाख से अधिक लोग जुड़े



जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(निस)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर चूरू जिले में एक महिला की पहल समाज के लिए मिसाल बनकर सामने आई है। सादुलपुर क्षेत्र के बेरासर छोटा गांव निवासी एडवोकेट गायत्री पूनिया ने गांव-गांव में कबड्डी प्रतियोगिताओं का ऐसा अभियान शुरू किया कि फरवरी महीना पूरे क्षेत्र में 'कबड्डी माह' बन गया। इस पहल से दर्जनभर पंचायतों के मैदानों में खेलों की रौनक लौट आई और करीब एक लाख से अधिक लोग इन आयोजनों से जुड़ गए। क्रीड़ा भारती चूरू के तत्वावधान में 30 जनवरी से शुरू हुए कबड्डी आयोजनों की श्रृंखला पूरे फरवरी माह तक चली। इस दौरान जिले की करीब एक दर्जन पंचायतों में प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं, जिनमें 50 से अधिक गांवों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। मैदानों में खिलाड़ियों के साथ हजारों दर्शकों की मौजूदगी ने इन आयोजनों को उत्सव जैसा बना दिया। इस अभियान की शुरुआत सादुलपुर के एक विद्यालय में हुई बैठक से हुई। बैठक में जुगल किशोर पूनिया, राजकुमार पूनिया, अध्यापक मनोज पूनिया, पीटीआई यासीन खान और जांगवीर पूनिया सहित कई लोग मौजूद थे। बैठक के दौरान कुछ लोगों ने आशंका जताई कि मोबाइल के दौर में लोग मैदानों में नहीं आएंगे और महिलाओं का कबड्डी खेलना भी मुश्किल होगा। लेकिन यहीं से एडवोकेट गायत्री पूनिया ने गांवों में खेल संस्कृति को फिर से जीवित करने का संकल्प लिया



### बेरासर छोटा से शुरू हुआ कारवां:

30 जनवरी को बेरासर छोटा गांव के खेल मैदान में पहला बड़ा आयोजन हुआ। भामाशाह पूर्व चेयरमैन जगदीश बेरासरिया के सहयोग से हुए इस आयोजन में गायत्री पूनिया ने स्वयं गांव-गांव जाकर लोगों को मैदान तक आने के लिए प्रेरित किया। आयोजन के दिन करीब 7000 लोगों की भीड़ मैदान में उमड़ पड़ी और प्रतियोगिता के लिए कबड्डी के तीन अलग-अलग मैदान बनाने पड़े। आयोजन को सफल बनाने में जुगल किशोर पूनिया, राजकुमार पूनिया, हनुमान श्योराण, जांगवीर पूनिया, दिनेश पूनिया, नीरू शर्मा (चिड़ावा) और मंजू कुलहरी (पिलानी) सहित कई लोगों ने सहयोग किया। भामसी में भी उमड़ा खेल प्रेम पहले आयोजन की सफलता के बाद दूसरा बड़ा आयोजन भामसी गांव में हुआ। यहां भामाशाह सुखबीर सहारण ने सहयोग दिया। ग्रामीणों और भगत सिंह फोर्स के युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई और हजारों लोग मैदान में पहुंचे। इस दौरान महिलाओं की टीमों ने भी शानदार मुकाबले खेले। मंच संचालन और निर्णायक की भूमिका दिनेश पूनिया (नारवासी) ने निभाई।

### कई गांवों में हुई प्रतियोगिताएं:

इसके बाद खारिया, बिंजावास, खेमाना सहित कई गांवों में कबड्डी प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। खारिया में भामाशाह रणधीर जाखड़ सहित ग्रामीणों ने आयोजन में सहयोग किया। हर आयोजन में जुगल किशोर पूनिया, राजकुमार पूनिया, सुनील पूनिया, दिनेश पूनिया, जांगवीर पूनिया और नीरू शर्मा सहित कई लोगों की सक्रिय भूमिका रही।

### महिलाओं की भागीदारी बनी आकर्षण:

इन आयोजनों की सबसे खास बात महिलाओं की बढ़ती भागीदारी रही। शुरुआत में कई गांवों में महिला टीम नहीं थी, लेकिन प्रेरित करने के बाद महिलाओं ने मैदान में उतरकर शानदार मुकाबले खेले। बुजुर्गों ने भी उत्साह के साथ कबड्डी खेली, वहीं सांखू से आई बंजारों की टीम ने पारंपरिक वेशभूषा में कबड्डी खेलकर आयोजन को और खास बना दिया।

### खेल ने मिटाई विचारों की दूरी:

इन प्रतियोगिताओं ने कई पुरानी धारणाओं को भी तोड़ दिया। माना जाता था कि महिलाएं कबड्डी नहीं खेल सकतीं, लेकिन हर गांव में महिला टीमों ने भाग लिया। कई स्थानों पर खिलाड़ियों ने इनाम लेने से भी इनकार कर दिया और कहा कि वे केवल खेल भावना से खेलने आए हैं। खेलों के माध्यम से विभिन्न विचारधाराओं के लोग भी एक मंच पर आए और समाज में सकारात्मक माहौल बना।

### मैदानों में लौटी रौनक:

इन आयोजनों के बाद गांवों के खेल मैदानों में फिर से रौनक लौट आई है। जहां पहले मैदान खाली रहते थे, वहां अब महिलाएं, बच्चे और युवा नियमित रूप से कबड्डी खेलते नजर आने लगे हैं।

### महिला दिवस पर बनी प्रेरणा:

महिला दिवस के अवसर पर एडवोकेट गायत्री पूनिया की यह पहल इस बात की मिसाल है कि यदि संकल्प मजबूत हो तो एक महिला भी पूरे समाज में बड़ा बदलाव ला सकती है। क्रीड़ा भारती पदाधिकारियों का कहना है कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रहेंगे, ताकि गांवों के खिलाड़ी आगे बढ़कर बड़े मंचों पर अपने क्षेत्र और जिले का नाम रोशन कर सकें।

## गृह लक्ष्मी स्वाभिमान अभियान के तहत कार्यशाला आयोजित

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वाधान में गृह लक्ष्मी स्वाभिमान अभियान कार्यशाला का आयोजन तेरापंथ सभा भवन में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपासिका शोभा देवी सेठिया ने नमस्कार महामंत्र से किया। मंगलाचरण महिला मंडल की बहनों द्वारा किया गया। स्वागत भाषण महिला मंडल अध्यक्ष राजकुमारी भूतोडिया ने दिया। भाजपा नेता एडवोकेट जयश्री दाधीच ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि चरित्रवान नारी समाज के हर पुरूष से आगे है और नारी के समान त्यागी, तपस्वी कोई नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि नारी गृहिणी नहीं, बल्कि होम क्वीन है। दिशा शेखावाटी संस्थान की सचिव डॉ. अमृता चौधरी ने कार्यक्रम में कहा कि लगन और धुन के सामने साधनों का अभाव मायने नहीं रखता, इसलिए हमें संसाधनों के अभाव को महत्व देने की बजाय, लगातार मेहनत करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा और रोजगार महिलाओं के जीवन को नई दिशा देने वाले हैं। महिला जागृति समिति की अध्यक्ष सुषमा मूंन्धड़ा ने कहा कि समाज के प्रत्येक तबके की नारी को शिक्षा के जरिये उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है। मूंधड़ा ने कहा कि समाज को मजबूत तभी कहा जा सकता है, जब महिला शक्ति सशक्त हो। कार्यक्रम में यंग्स क्लब के गिरधर शर्मा, कोषाध्यक्ष सज्जन बोकाडिया, कन्या मंडल संयोजिका वैशाली फुलफगर, लक्ष्मी, दीपिका शर्मा, सुनीता रावतानी आदि ने विचार प्रकट किए। मंचस्थ अतिथि सुमेरमल सुराणा (सुराणा फाउंडेशन), केसरीचंद मालू, मनीष बोरड़, अणुव्रत समिति के महेश तंवर, महावीर मिंरणका, उषा तंवर, रानी जैन, डॉ खुशबू सोनी आदि मौजूद रहे, जिनका महिला मंडल पदाधिकारियों ने स्वागत किया। आभार ज्ञापन उपासिका शोभा देवी सेठिया ने किया। संचालन मंत्री डॉ पूजा फुलफगर ने किया। कार्यक्रम में द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़, लायंस क्लब ऑफ सुजानगढ़, दिशा शेखावाटी संस्थान, महिला जागृति समिति, मारवाड़ी युवा मंच एवं गणगौर शाखा, धूम धड़ाका चेरीटेबल ट्रस्ट, सावित्री देवी फुले संस्थान, मरूदेश संस्थान आदि के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन, महिलाओं का किया सम्मान

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निस)।** शहर के आदर्श महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने समाज के निर्माण और राष्ट्र की प्रग़ति में महिलाओं की अद्वितीय भूमिका पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के प्राध्यापक मुकेश सुथार ने अपने संबोधन में महिलाओं की बहू आयामी भूमिका को रेखाकिंत किया। उन्होंने कहा किस प्रकार महिलाओ ने घर की चौखट लांघकर खेल मैदान से लेकर अंतरिक्ष और राजनीति से लेकर व्यापार तक अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। उन्होंने कहा कि महिलाएं शक्ति का प्रतीक ही नहीं बल्कि प्रबंधन और धैर्य की प्रतिमूर्ति भी है। महाविद्यालय के प्राध्यापक लोकेश सैन ने समाज में महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव की आवश्यकता बताई। उमा भारती जांगिड़ ने अपने संबोधन में समाज की मानसिकता पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि औरत कभी बोझ नहीं होती, उसे बोझ हमने बनाया है। महाविद्यालय के प्राध्यापक वेद प्रकाश बरोड़ ने संवैधानिक अधिकारों और महिलाओं की सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्व रचित कविता जब बेटी घर से विदा हो जाएगी प्रस्तुत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मनीषा वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिला दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं है बल्कि उनके संघर्षों और सफलताओं को सम्मान देने का निरंतर चलने वाला संकल्प है। उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक महेश छिम्पा, आशीष पारीक, राजेंद्र भाट, उमेश शर्मा, कपिल सारस्वत, नारायण लाटा तथा समस्त विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रशिक्षणार्थी मोनिका जाखड़ और शिवनाथ ने किया।

## कांग्रेस बूथ माइक्रो प्लानिंग व चुनाव प्रबंधन का प्रशिक्षण शिविर का समापन

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निस)।** उपखंड क्षेत्र में मंगलुणा मण्डल कांग्रेस की ओर से बीएलए व बूथ लेवल एजेंटों के लिए शुक्रवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मंगलुणा गांव के मूख्य चौक में स्थित शिफा मार्केट में सुबह से शुरू हुआ जो शाम तक चलता रहा है। उसके बाद मूख्य चौक से शिविर में उपस्थित सभी कार्यकर्ता पंक्तिबद्ध होकर मंगलुना पंचायत में कांग्रेस की ओर से कराए गए अनेक विकास कार्यों की भौतिक सत्यापन करके शिविर का समापन किया। इस दौरान मनरेगा के मेट और मजदूरों से घर घर जाकर मनरेगा का नाम परिवर्तन करके नए लाए गए बिल कानून की खामियों को उजागर किया की अब मनरेगा में वित्तीय भार 40:60 राज्य व केंद्रीय सरकार का रहेगा जिससे राज्य सरकार पर अत्यधिक वित्तीय भार डालने से मनरेगा का काम अब शूरू हो नहीं पाएगा। मनरेगा में पहले मजदूरों को रोजगार की गारंटी मिलती थी उसे अब समाप्त कर दिया गया है। अब सरकार के पास काम होगा तभी मनरेगा को चलाएंगे, उसमें भी मजदूरों को मिलने वाली मजदूरी में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। इससे मनरेगा मजदूरों में बीजेपी सरकार के प्रति बड़ा आक्रोश व्यक्त देखने को मिला। शिविर की अध्यक्षता मण्डल कांग्रेस के अध्यक्ष रामस्वरूप खीचड़ और मूख्य प्रशिक्षक सेवादल के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र बाटड़ तथा मूख्य अतिथि प्रधान प्रतिनिधि ओमप्रकाश नारनोलिया मेहमान रहे। शिविर का संचालन हरफुल गोदारा व सरपंच प्रतिनिधि बीरबल मेघवाल ने किया। शिविर में सेवादल के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र बाटड़ ने कार्यकर्ता निर्माण पर जोर देकर कहा की शिविर का प्राथमिक लक्ष्य कार्यकर्ताओं को केवल चुनावी राजनीति तक सीमित न रखकर, उन्हें एक 'वैचारिक कैडर' के रूप में विकसित करना है। कार्यकर्ता की भुमिका सिर्फ पार्टी तक नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में होनी चाहिए। गांधीवादी व नेहरूवादी विचार धारा का पुनरूत्थान पार्टी की उन रचनात्मक गतिविधियों और गांधीवादी सिद्धांतों को, जो समय के साथ कुछ दुर हो गए थे, उन्हे फिर से स्थापित करने के लिए विभिन्न सत्रों का आयोजन करना है। जनता से चुल्हे का रिश्ता प्रशिक्षण का एक बड़ा लक्ष्य कार्यकर्ता और आम जनता के बीच चुल्हे का रिश्ता (गहरा और भावनात्मक संबंध) स्थापित करना है। केवल चुनावों के समय ही नहीं, बल्कि हर सुख दुख और रोजमर्रा की समस्याओं में उनके साथ मजबूती से खड़ा रहे साथ में जुड़ा रहे। आगामी पंचायत व नगरपालिका चुनावों की माइक्रो प्लानिंग में इलेक्शन मैनेजमेंट (चुनाव प्रबंधन) पर विशेष चर्चा की जिसमें कार्यकर्ताओं को सुक्ष्म स्तर पर तैयारी करके आगामी पंचायत राज और निकाय चुनावों में मजबूती से उतरा जाए। बाटड़ ने आगे कहा आरएसएस बीजेपी की झुठ प्रोपेगेंडा रचने वाली प्रयोगशाला को वैचारिक चूनौती अब इन शिविरों के माध्यम से गांधी, नेहरू, अम्बेडकर, सर्वोदय और स्वराज की विचारधारा को पुनर्जीवित करना है। प्रशिक्षित कार्यकर्ता आने वाले समय में विपक्षी विचारधारा को वैचारिक रूप से ठोस जवाब देने में सक्षम होंगे। हमें पार्टी में व्यापक माइक्रो प्लान तैयार करना है।

## होली स्नेह मिलन समारोह से बढ़ता है प्रेम, भाईचारे और सौहार्द

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** मुकुन्दगढ मार्ग स्थित परशरामपुरिया भवन के ठीक सामने हवेली में गत रात को होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें संगीत संध्या, गीत संगीत, धमाल कार्यक्रम के साथ लोकगीत का सामंजस्य मनभावन रहा। कार्यक्रम में कलाकारों ने बेहतरीन गीतों की प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। मंच से उतरकर दर्शक दीर्घा में लोगों के बीच होली गीत गाते हुए अन्य लोगों को भी थिरकने को मजबूर कर दिया। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि होली का पर्व प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है, जो समाज को एकजुट करता है। ऐसे आयोजनों से सामाजिक एकता और सहयोग की भावना को मजबूती मिलती है। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार एकता अखंडता भाईचारा प्रेम सौहार्द का पर्व है। इस तरह के होली मिलन समारोह से आपसी स्नेह भाईचारा व सदभावना को बढ़ावा मिलता है। शेखावाटी में त्योहार सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का परिचय देते हैं। होली मिलन समारोह भाईचारे और एकता का संदेश देता है। रंगों का यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत और वसंत ऋतु के शुभारंभ का प्रतीक है। कार्यक्रम में मण्डावा सीआई रामनारायण चोयल सीआई महेंद्र चावला, सीआई पवन दुलड लालसोट, अलसीसर के पूर्व प्रधान गिरधारीलाल खीचड़ आदि मंचासीन अतिथि रहे। अध्यक्षता शिक्षाविद भोलासिंह यदुवंशी ने की। इस अवसर पर पूर्व नपा अध्यक्ष बजरंग निर्वाण, राजकुमार निर्वाण, राजेंद्र सिह, योगेश सैनी, निखिल सिंह, निकलेश सिंह, नरेंद्र सिंह ,संजय सैनी, रविंद्र मेड़तिया, सुनील सिंह रामस्वरूप देवड़ा, सुभाषचन्द्र बावलिया, सज्जन शर्मा, बूली, राजपाल दूलड, मोहनलाल सैनी, प्यारेलाल फरडोलिया, शिवचरण गाडोदिया सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने अतिथियो का माल्यार्पण और साफा पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम में ढप मंडली के कलाकारों के साथ मुख्य लोक गायक राजकुमार निर्वाण, संदीप सिंह, पवन कुमार सेन, पूर्व पालिकाध्यक्ष नरेश सोनी ने लोक गीतों और धमालो के साथ नृत्य की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष अध्यक्ष बजरंग लाल निर्वाण मंडावा, अलसीसर के पूर्व प्रधान गिरधारी खीचड़, बाबूलाल सैनी, पुर भाजपा जिला मंत्री संदीप शर्मा, पूर्व पार्षद कैलाश शर्मा, गोपी नाटाणी, इलू हिमानी, संजय परिहार, नरेश सोनी, संजय मिल, दीपक खांडल, पूर्व पार्षद राजकुमार निर्वाण, राजेंद्र सिंह पवार, योगेश सैनी, निखिल सिंह, निकलेश सिंह, नरेंद्र सिंह, संजय सैनी, रविंद्र मेड़तिया, सुनील सिंह, सुभाषचन्द्र बावलिया, राजपाल दूलड, मोहनलाल सैनी, प्यारेलाल फरडोलिया, किशोर सिंह जाटू उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के अनुभवों से विभाग को मिलेगा लाभ: वैभव शर्मा

## पुलिस लाइन में गोष्ठी: पेंशन, स्वास्थ्य सुविधाओं व कल्याण योजनाओं पर चर्चा

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में शनिवार को पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के साथ गोष्ठी आयोजित की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के कल्याण, उनकी समस्याओं के समाधान और उनके अनुभवों का विभागीय कार्यों में लाभ लेना रहा। गोष्ठी को संबोधित करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत, समर्पण और त्याग के कारण ही पुलिस विभाग आज मजबूत स्थिति में है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जिला पुलिस सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस कार्यों को बेहतर बनाने में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के अनुभव अत्यंत उपयोगी साबित हो सकते हैं। उनके सुझावों को प्राथमिकता के साथ विभागीय कार्यप्रणाली में शामिल किया जाएगा। गोष्ठी के दौरान सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के लिए परिचय पत्र बनवाने, पेंशन संबंधी मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए जिला स्तर पर पेंशन प्रकोष्ठ बनाने, सैनिक कल्याण बोर्ड की तर्ज पर पुलिस कल्याण बोर्ड की स्थापना करवाने, जिले से बाहर साक्ष्य पर जाने पर यात्रा भत्ता दिलवाने, गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस और पुलिस दिवस जैसे आयोजनों में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को आमंत्रित करने तथा स्वास्थ्य सुविधाओं सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं से जुड़े मुद्दे उठाए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा ने सभी बिंदुओं पर संवेदनशीलता के साथ विचार करते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान और मांगों को उच्च स्तर तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर राजस्थान सेवानिवृत्त पुलिस संस्थान की धौलपुर शाखा के जिलाध्यक्ष रवि कटारा, सचिव गुरु प्रसाद सहित सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी मंगल सिंह, राजेश सिंह, मुरारी, जानकीनंदन मीणा, जगदीश दिवाकर, श्रवण पाठक, किशन मीणा, गोपालीराम सहित बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।



# सनातन संस्कृति की ओर लौटने का आह्वान



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** शहर के सिरे मंदिर रोड पर स्थित विद्या भारती स्कूल में शनिवार को एक कार्यक्रम हुआ। स्कूल के निदेशक केएन भाटी ने बताया कि विद्यालय में सनातन धर्म प्रवर्तक पूर्व अधिवक्ता प्रेमचन्द बैरवा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान भारत या आर्यव्रत जो कि पिछले कई सालों से अपनी संस्कृति और सभ्यता को भूल कर पाश्चात्य संस्कृति की ओर जा रहा है, उसको रोक वर्तमान भारत को एक नई दिशा देकर हिन्दू , मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी धर्म के लोग आपस में मिलकर एक दूसरे का सहारा बनकर राष्ट्र को ऐसे मुकाम पर ले जाए जो भी देश में कुरीतियां या सामाजिक कुरीतियों का विरोध कर नवीन वर्तमान भारत के उज्ज्वल भविष्य का निर्णय करे। जिससे सनातन धर्म का प्रचार हो सके। बाद में निर्देशिका मधुबाला भाटी से सभी आगंतुक मेहमान और छात्रों का अभिवादन और धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रिंसिपल डॉ. अनिल मिश्रा, शा.शि. कृपाराम आर्य, ज्योति सुन्देशा, हुस्नार बानू , सुमन रामावत और बी. एड. प्राचार्य सुरेन्द्र नाग भी उपस्थिति रहे।

# गणपतसिंह मांडोली के परिवार का धरना जारी



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** जालोर जिले के रामसीन थाना क्षेत्र के मांडोली के गणपतसिंह राजपूत की संदिग्ध मौत के मामले को लेकर उनकी 80 वर्षीय मां हवा कंवर व पत्नी भारती कंवर का धरना जालोर कलेक्ट्रेट के बाहर 9 वें दिन भी जारी रहा। शनिवार को गणपतसिंह की मां हवाकंवर की स्वास्थ्य जांच के दौरान कुछ कमियां सामने आने के कारण उनका अनशन स्थल पर ही उपचार किया गया। इससे पहले पुलिस उप अधीक्षक गौतम जैन व कोतवाल रामेश्वर भाटी ने परिजनों से काफी समय तक चर्चा कर गणपतसिंह की मां को अस्पताल में भर्ती करने का निवेदन किया, लेकिन धरने पर बैठे गणपतसिंह के भाई अभयसिंह व कल्याण सिंह ने स्पष्ट कह दिया कि उनकी माता न्याय मांग रही है, वह किसी का कहना नहीं मान रही है। उनकी मां हवाकंवर ने कहा कि उन्हें इलाज की बजाय समय पर न्याय दिया जाए, उसके बेटे की मौत को करीब पौने दो साल होने का समय बीत रहा है, लेकिन अभी तक आरोपियों को पुलिस नहीं पकड़ पाई है। गणपत सिंह की मां ने कहा कि आरोपियों को पहले पकड़ो, फिर वह भूख हड़ताल समाप्त कर पाएगी। अन्यथा वह यहां से नहीं उठेंगी। इस कारण स्वास्थ्य जांच के दौरान चिकित्सकों ने उनके शरीर में कीटोन के बढ़ने की आशंका के चलते अनशन पर स्थल पर ही ड्रिप लगाकर उनका उपचार किया।

# चौथ के दंगल में 1.51 लाख की अंतिम कुश्ती बराबरी पर छूटी



जयपुर टाइम्स

**राजाखेड़ा(निस)।** क्षेत्र का प्रसिद्ध चौथ का दंगल शनिवार को जिला कलेक्टर निधि बीटी की मौजूदगी में संपन्न हुआ। दंगल की आखिरी और सबसे बड़ी 1 लाख 51 हजार रुपए की कुश्ती शेरा गुर्जर (फिरोजाबाद) और मिर्जा ईरानी के बीच कराई गई, जो कड़े मुकाबले के बाद बराबरी पर छूट गई। दंगल में दूर-दराज से आए पहलवानों ने जोर आजमाइश की, जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोग पहुंचे। कार्यक्रम में भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा ने कहा कि चौथ का दंगल पूरे देश में राजाखेड़ा की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है और ऐसे आयोजन हमारी परंपरा व सांस्कृतिक चेतना को जीवित रखते हैं। उन्होंने कहा कि नगरपालिका व जिला प्रशासन की ओर से इस क्षेत्रीय विरासत को लगातार संरक्षित और प्रोत्साहित किया जा रहा है, जो सराहनीय है। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी सुशीला मीणा, तहसीलदार दीप्ति देव, अधिशासी अधिकारी देवेंद्र तिवारी सहित भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# दैनिक जीवनशैली में योग को अपनाएँ: जोगेश्वर गर्ग

## योग व प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केन्द्र का शिलान्यास



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** आयुष विभाग के तत्वावधान में शनिवार को जालोर शहर स्थित राजेंद्र नगर में नव योग व प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केन्द्र का शिलान्यास व भूमि पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व के कुल 158 देशों ने आयुर्वेद व योग को अपनाया हैं और पुरातनकाल में शल्य चिकित्सा से जुड़े आचार्य सुश्रुत व आचार्य चरक की चिकित्सा पद्धतियों को विश्वभर में विशिष्ट पहचान मिली हैं। उन्होंने कहा कि हमें दैनिक जीवन शैली में योग को अपनाना है जिसके फलस्वरुप हमारा शरीर स्वस्थ व स्फूर्ति से परिपूर्ण रहे। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से राज्य में आयुर्वेद व योग को बढ़ावा देने हेतु उच्च शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों के लिए आयुर्वेद विषय आधारित पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है और स्कॉलर्स द्वारा नई पीढ़ी को आयुर्वेद के गुणों के बारे में भी बताया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद की पंचकर्म पद्धति व प्राकृतिक चिकित्सा के द्वारा जटिल रोगों का उपचार भी संभव हुआ है। कार्यक्रम के अवसर पर सेवानिवृत आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. श्रीराम ने दैनिक जीवन में आयुर्वेद एवं योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए आयुर्वेद व योग के सकारात्मक गुणों के बारे में बताया। कार्यक्रम में आयुष विभाग की डॉ. अनीता वर्मा ने बताया कि केंद्र खुलने के पश्चात् जालोर के नागरिकों को स्वस्थ जीवन शैली के लिए प्राकृतिक चिकित्सा व योग के लाभ के बारे में बताया जाएगा। इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के गावंडे, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता शंकर सुथार, रवि सोलंकी, सुरेश सुंदेशा, प्रेमाराम देवासी, हिराराम देवासी, सुरेश सोलंकी, महेश भट्ट, संगीता जैन, हेमेंद्र सिंह, मनोहर राणा, डॉ. हंसाराम माली, शान्तिलाल सोनी, महेन्द्र वैष्णव, भूपेन्द्र सोनी सहित अधिकारी-कार्मिक व शहरवासी उपस्थित रहे।

# मोहन वर्मा बने पुनः माहौर क्षत्रीय स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** माहौर क्षत्रीय स्वर्णकार समाज धौलपुर का चुनाव कैलाश चंद सोनी व केके सोनी चुनाव अधिकारी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी कैलाश चंद सोनी ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए पांच युवाओं ने आवेदन किया। जिसमें समाज की बैठक में सर्वसम्मति से मोहन वर्मा को पुनः स्वर्णकार समाज का अध्यक्ष चुना गया है। उन्होंने बताया कि स्वर्णकार समाज कि परपार्टी रही है कि समाज आपसी सौहार्द के माध्यम से सर्व समिति से चुनाव संपन्न करती है। और इस वर्ष भी सर्वसम्मति से समाज की यह परंपरा कायम रही है। उन्होंने नए अध्यक्ष मोहन वर्मा का माला पहनकर सम्मान किया। इस अवसर पर मोहन वर्मा ने कहा कि समाज के लोगों ने मेरे ऊपर जो विश्वास जताया है मैं उस पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष बनने के बाद सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में मेरी प्राथमिकता समाज की निर्धन गरीब बेटियों का सामूहिक विवाह करना, राष्ट्रीय अभियान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं के तहत् बेटियों के उत्थान के लिए कार्य करना। समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान करना और बुजुर्गों के आशीर्वाद से युवा साथियों को साथ लेकर उनके कंधे से कंधा मिलाकर समाज से नशे को दूर करना मेरी प्रमुख प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि मैं शीघ्र ही अपनी कार्यकारिणी की घोषणा करूंगा और समाज हित में सदैव तत्पर रहूंगा। इस अवसर पर संजय सोनी, अजय सोनी, मनोज सोनी, ललित सोनी, रवि सोनी(वीरा), विक्रम सोनी, राजकुमार सोनी, श्रीकिशन सोनी, राजू सोनी मनियां बाले, सुभाष सोनी व मोहित सोनी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। समाज के युवाओं की ओर से नए अध्यक्ष का माल साफा पहनकर गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया।

# भगवान पारसनाथ केवल ज्ञान दिवस पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** दिगंबर जैन पारसनाथ तपोदय तीर्थ क्षेत्र पर शनिवार को भगवान पारसनाथ की केवल ज्ञान दिवस पर विभिन्न धार्मिक आयोजनों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।प्रातःकाल बड़े बाबा के मंदिर में शांति धारा अभिषेक के बाद केवल ज्ञानस्थली पर ध्वजारोहण विनोद कुमार सोमेश कुमार ठग परिवार महुआ वालों ने किया। पाठशाला की बालिकाओं ने नृत्य पूर्ण मंगलाचरण प्रस्तुत किया। केवल ज्ञान स्थल पर सामूहिक पारसनाथ विधान पूजा संगीतमय सुरेश पटवारी के निर्देशन में की गई। दोपहर 2 बजे आचार्य विद्यासागर सभा भवन में चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन के बाद कमेटी का खुला अधिवेशन कमेटी के अध्यक्ष लाभचंद पटवारी की अध्यक्षता में रखा गया। महामंत्री प्रकाश गोधा ने तीर्थ क्षेत्र का हिसाब प्रस्तुत किया। अधिवेशन में राजेश काला, जितेंद्र जैन, रूपलाल गोधा ने अपने विचार व्यक्त किए। धर्म सभा को संबोधित करते हुए दिगंबर जैन मुनि सुप्रभ सागर जी महाराज ने कहा कि धार्मिक क्षेत्र पर ध्वज का बहुत महत्व रहता हैं और जीवन में लौकिक ज्ञान के साथ-साथ धार्मिक ज्ञान भी होना बहुत जरूरी हैं। दिगंबर जैन मुनि वैराग्यसागर महाराज ने कहा कि



धार्मिक क्षेत्र को सुरक्षित करने के लिए जैन समाज की पीढ़ी को आगे आने की आवश्यकता है और धार्मिक संस्कार देने के लिए प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र जैन ने किया।शाम को 5 बजे केवल ज्ञानस्थली पर चतुर्मुखी पारसनाथ भगवान पर महामस्तकाभिषेक का कार्यक्रम बड़ी श्रद्धा उल्लास के साथ संपन्न हुआ, इसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं उपस्थित रहे।आयोजन में बिजौलियां कस्बे के अलावा भीलवाड़ा, सिंगोली, बोराव, कोटा, महुआ, मानपुरा, बेगूं, ग्वालियर, चाकसू, डाबी, लाम्बाखोह, चाँदजी की खेड़ी, सलावटिया व आरोली से काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे

# झगड़े में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत, परिजनों ने कलेक्ट्रेट के बाहर शव रखकर किया प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिले के बाड़ी थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व हुए झगड़े में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजनों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने जिला कलेक्ट्रेट के बाहर शव रखकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान करौली-धौलपुर हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा।

जानकारी के अनुसार बाड़ी थाना क्षेत्र के करमपुरा गांव में दो दिन पहले दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था, जो बाद में झगड़े में बदल गया। झगड़े के दौरान नत्थो पत्नी जगदीश गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। परिजन उन्हें इलाज के लिए ग्वालियर ले गए थे, जहां उपचार के दौरान शुक्रवार को महिला ने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि झगड़े की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है, जिसमें कुछ लोग लाठी-डंडे लेकर मारपीट करते हुए दिखाई दे रहे हैं। परिजन इसी आधार पर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। महिला की मौत के बाद परिजन शव को लेकर धौलपुर पहुंचे और पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बाड़ी अस्पताल की मोर्चरी भेजने की व्यवस्था की और एंबुलेंस से शव को बाड़ी ले जाया जा रहा था। इसी दौरान आक्रोशित परिजनों ने एंबुलेंस को रोक लिया और जिला कलेक्ट्रेट के सामने करौली-धौलपुर हाईवे पर शव को बाहर निकालकर रख दिया। परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। इससे कुछ देर के लिए हाईवे पर जाम लग गया और यातायात प्रभावित रहा। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। कलेक्ट्रेट परिसर में बाड़ी सहित जिले के तीन थानों की पुलिस और कई पुलिस अधिकारी तैनात रहे। पुलिस अधिकारियों ने परिजनों से समझाइश की और कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस की समझाइश के बाद परिजन शांत हुए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# श्रीराम सेवा समिति की बैठक आज

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** श्रीराम सेवा समिति की ओर से रविवार को शाम सात बजे खालासी मार्ग स्थित श्रीराम मन्दिर में आगामी श्रीराम नवमी महोत्सव की तैयारी को लेकर रूपरेखा बनाई जाएगी। कार्यक्रम संयोजक गणेश सैनी ने बताया कि श्री राम महोत्सव 26 मार्च को विशेष बनाने के लिए सभी राम भक्तों और सनातनियों से पूर्ण सहयोग की अभिलाषा रखते हुए रविवार को मीटिंग का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें होने वाले कार्यक्रम के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी और समिति के कार्यकर्ताओं को अलग अलग जिम्मेदारिया देकर कार्यक्रम को सम्पूर्ण और सफल बनाने की रूपरेखा बनाई जाएगी।

# 500 महिलाओं को महिला गौरव अवॉर्ड प्रदान करेगी वेलफेयर सोसायटी

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महिला उत्थान को समर्पित वूमन वेलफेयर सोसायटी की ओर से अपने-अपने क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को महिला गौरव अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहेंगे। समिति अध्यक्ष जगविंद्र कौर ने सोसायटी पदाधिकारियों की मीटिंग लेकर तैयारियों का जायजा लिया। अध्यक्ष जगविंद्र कौर ने बताया कि चौमूं क्षेत्र में जिन्होंने समाज और देश के लिए विशिष्ट कार्य किए हैं उन 500 महिलाओं को महिला दिवस पर महिला गौरव अवार्ड देखकर सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम चौमूं शहर के सामोद रोड स्थित गोल्डन बेल्स एकेडमी में प्रातः 10 बजे से आयोजित किया जाएगा।

# वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत, बाइक सवार दो बेटे गंभीर घायल

जयपुर टाइम्स

**राजाखेड़ा(धौलपुर)।** उपखंड के राजाखेड़ा-धौलपुर रोड स्थित मीठावली मोड़ पर शनिवार सुबह करीब 5:30 बजे हुए सड़क हादसे में एक अधेड़ की मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार उसके दो बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार पुरापति राम ढबैरा निवासी बलवीर पुत्र रामजीलाल (जाटव) अपने परिवार के साथ अपने भांजे के लगन टीके में शामिल होने के लिए उत्तर प्रदेश के पिनाहट ब्लॉक स्थित ग्राम सेहा, थाना मंसूरपुरा गए हुए थे। रात में भात भरने के बाद वह सुबह अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान राजाखेड़ा-धौलपुर रोड पर मीठावली मोड़ के पास किसी वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बलवीर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार उसके दोनों बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। बताया जा रहा है कि मृतक के परिवार में तीन पुत्र और एक पुत्री थी। पुत्री की शादी हो चुकी है, जबकि एक पुत्र की दो वर्ष पहले बीमारी के कारण मृत्यु हो गई थी। वर्तमान में उसके दो पुत्र सचिन (22) और सौरव (कक्षा 9 का छात्र) हैं, जो हादसे में घायल हो गए।

# गरीब साहब जी की 114वीं जयंती पर सत्संग समारोह आज

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)** सदगुरु आचार्य श्री गरीब साहेब जी की 114वीं जयंती के उपलक्ष्य में शनिवार को श्री आचार्य सदगुरु गरीब साहेब आश्रम, जोबनेर रोड फुलेरा में सत्संग समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में राज्य स्तरीय संत-महंत व नागरिक भाग लेकर सदगुरु गरीब साहेब जी के जीवन से जुड़े आदर्शों पर प्रकाश डालेंगे और समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने के विषय में अपने प्रवचनों के माध्यम से मार्गदर्शन देंगे। कार्यक्रम के दौरान भजन- कीर्तन व सत्संग का भी आयोजन होगा। श्री बाबा रामदेव बलाई समाज विकास समिति तेजाकाबास फुलेरा के अध्यक्ष रामचंद्र भुखल ने क्षेत्र के समस्त नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सत्संग का लाभ लेने की अपील की है।

# आदिवासी कांग्रेस की प्रदेश कमेटी में योगेश कुमार मीणा की नियुक्ति

जयपुर टाइम्स

**नावांसिटी(निस)।** अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत राजस्थान प्रदेश कमेटी में योगेश कुमार मीणा को प्रदेश कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। नियुक्ति के बाद मीणा ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एक सामान्य कार्यकर्ता पर विश्वास जताकर जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वे आदिवासी समाज के भाई-बहनों के हक और अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ते हुए न्याय दिलाने के लिए सदैव कार्यरत रहेंगे। बता दें कि योगेश कुमार मीणा लंबे समय से कांग्रेस संगठन में सक्रिय और कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में पहचान रखते हैं। वे पूर्व में युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष रह चुके हैं तथा राजस्थान यूनिवर्सिटी छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी भी रह चुके हैं। वर्तमान में वे कांग्रेस के पर्यावरण प्रकोष्ठ में प्रदेश सचिव के साथ-साथ नागौर जिले में जिला अध्यक्ष के पद पर भी कार्य कर रहे हैं।



## सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़े के तहत बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** महिला सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तारानगर थाना परिसर में उप पुलिस निरीक्षक सत्यप्रकाश जांगिड़ की अध्यक्षता में शनिवार को सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़े के तहत बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की प्रभारी हेड कांस्टेबल कविता तथा कांस्टेबल सुनीता और शबनम ने उपस्थित महिलाओं को आत्म-सुरक्षा के उपायों व महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न कानूनों की जानकारी दी। साथ ही महिलाओं को आपात स्थिति में पुलिस से तुरंत संपर्क करने और सतर्क रहने के बारे में जागरूक किया गया। थाने के सहायक उप पुलिस निरीक्षक सुमेर सिँह मीणा ने बताया कि बैठक के दौरान सुरक्षा सखी महिलाओं व लखपति दीदी समूह की महिलाओं को राजकोप सिटीजन ऐप के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और मौके पर ही उन्हें ऐप डाउनलोड करवाकर इसके उपयोग के बारे में बताया गया। बैठक में महिलाओं को पुलिस की विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में भी जानकारी दी गई और किसी भी समस्या की स्थिति में पुलिस से तुरंत संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया।

## सोपड़ा में अमर शहीद रामदीन गोदारा की मूर्ति का अनावरण, देशभक्ति के नारों से गूंजा गांव

### संत-महंतों व जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुआ कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स



**भोपालगढ(निस)।** भोपालगढ़ क्षेत्र के सोपड़ा गांव में अमर शहीद रामदीन गोदारा की मूर्ति का भव्य अनावरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संत-महंतों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति में शहीद को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

कार्यक्रम में रामधाम खेड़ापा के आचार्य पुरुषोत्तम दास महाराज के उत्तराधिकारी गोविन्द राम शास्त्री और सतगुरु भोलाराम महाराज की देवरी धाम रतकुड़िया धाम के महंत रमैयादास महाराज के उत्तराधिकारी रामदास शास्त्री ने विशेष रूप से भाग लिया। संतों ने शहीद रामदीन गोदारा के बलिदान को याद करते हुए कहा कि देश की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सपूत हमेशा समाज के लिए प्रेरणा बने रहते हैं। इस अवसर पर पूर्व राजस्व मंत्री रामनारायण डूडी, पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड़ सहित कई जनप्रतिनिधि भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके बलिदान को देश की अमूल्य धरोहर बताया। कार्यक्रम के दौरान चारों ओर देशभक्ति गीतों की गूंज सुनाई दी। गांव का माहौल देशभक्ति से ओत-प्रोत हो गया और लोगों ने शहीद के सम्मान में जयकारे लगाए। बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने कार्यक्रम में भाग लेकर शहीद के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर आयोजकों ने सभी संत-महंतों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया तथा शहीद रामदीन गोदारा के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

## गांव साडासर से भोजासर छोटा सड़क जर्जर, ग्रामीण परेशान

### अब मेगा हाईवे जाम की चेतावनी

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** भानीपुरा तहसील के साडासर से भोजासर छोटा तक जाने वाली लगभग 16 किलोमीटर लंबी सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। पिछले छह वर्षों से खराब पड़ी इस सड़क के कारण क्षेत्र के लोगों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। बीजरासर गांव के भागीरथ पोटलिया ने बताया कि इस मार्ग पर रणसीसर, बीजरासर और भींयासर सहित कई गांव पड़ते हैं। सड़क की वर्तमान स्थिति इतनी खराब है कि इस पर वाहन चलाना बेहद मुश्किल हो गया है। बार-बार शिकायतें करने पर भी विभाग की ओर से केवल आश्वासन ही मिल रहा है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया तो वह सरदारशहर से हनुमानगढ़ जाने वाले मेगा हाईवे पर जाम लगाने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ग्रामीणों के अनुसार अधिकारियों ने पहले बारिश का हवाला देकर सड़क निर्माण में देरी की बात कही थी और आश्वासन दिया था कि कार्य समय रहते पूरा कर लिया जाएगा। हालांकि अब बरसात का मौसम नहीं होने के बावजूद भी सड़क का काम शुरू नहीं किया गया है। भागीरथ पोटलिया ने यह भी बताया कि इस सड़क के निर्माण से यह मार्ग सरदारशहर मेगा हाईवे से सीधे महाजन और लूणकरनसर से जुड़ जाएगा?। जिससे लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की अत्यधिक खराब हालत के कारण वाहन चालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है और कई दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। इसके बावजूद संबंधित विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है।

## महर्षि ने की जनसुनवाई, लोगों की समस्याएं सुनी



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** कस्बे में शनिवार को स्थानीय भाजपा कार्यालय में पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनी। इस दौरान शहर व ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर पहुंचे और उनके समाधान की मांग की। जनसुनवाई के दौरान पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों से बात कर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है और इसके लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान बिजली, पानी, सड़क, पेंशन सहित अन्य जनसमस्याओं को लेकर लोगों ने अपनी बात रखी। पूर्व विधायक ने कई मामलों में तुरंत संबंधित विभागों से संपर्क कर समस्या के समाधान के निर्देश दिए, जबकि अन्य मामलों को जल्द निस्तारित कराने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी भी मौजूद रहे।

## बीमा क्लेम सहित मांगों को लेकर 13 मार्च को रेल रोको आंदोलन की तैयारी

### किसान सभा की बैठक में बनी रणनीति

जयपुर टाइम्स



**राजलदेसर(निस)।** किसान सभा की ओर से बीमा क्लेम सहित विभिन्न मांगों को लेकर प्रस्तावित रेल रोको आंदोलन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक युवा भारती स्टेडियम के सामने स्थित किसान सभा कार्यालय में हुई, जिसमें आंदोलन को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष कामरेड भादर भाम्भू ने कहा कि जिला कार्यकारिणी के निर्णय के अनुसार 13 मार्च को चूरू जिला मुख्यालय पर किसानों की लंबित मांगों को लेकर रेल रोको आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों के फसल बीमा क्लेम सहित अन्य मांगों को लेकर लंबे समय से आंदोलन और वार्ताएं हो रही हैं, लेकिन अभी तक किसानों के हित में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। भाम्भू ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार बीमा कंपनियों के पक्ष में काम कर रही है और किसानों की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि किसानों की मांगों का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 13 मार्च को किसान पहले नए कलेक्टर कार्यालय पर एकत्रित होंगे, इसके बाद रैली निकालते हुए पुराने कलेक्टर कार्यालय तक जाएंगे और वहां से रेलवे ट्रैक पर पहुंचकर रेल रोको आंदोलन करेंगे। उन्होंने क्षेत्र के किसानों से बड़ी संख्या में आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया। बैठक में राजलदेसर क्षेत्र से हजारों किसानों के चूरू पहुंचने को लेकर तैयारियों पर चर्चा की गई और आंदोलन को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। बैठक में तहसील अध्यक्ष कामरेड भादर भाम्भू, राजलदेसर उपाध्यक्ष विजयपाल कड़वासरा, रामकिशन भाम्भू, सबीर छाजूसर, कामरेड हड़मानराम भुवाल, श्रवण बारूपाल, लेखाराम सहू, कालूराम नाई, गिरधारी घिटाला, शैरसिंह राणा, अशोक कच्छावा, सावरमल सैनी, रामगोपाल कड़वासरा, तेजाराम घिटाला, अभिषेक कच्छावा, रामवतार सुथार, भागीरथ मुहाल, गोपाल सोनी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा चूरू आएंगे आज

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार को चूरू आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री शर्मा रविवार को सवेरे 09.35 बजे जयपुर से प्रस्थान कर सवेरे 10.35 बजे पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे तथा हेलीपैड से प्रस्थान कर जिला खेल स्टेडियम में गौरव सेनानी समारोह में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शर्मा शिविरों का निरीक्षण करेंगे तथा वीर नारियों और भूतपूर्व सैनिकों के साथ संवाद करेंगे। इसके बाद सवेरे 11.35 बजे जिला खेल स्टेडियम से हेलीपैड पहुंचेंगे और हंसियावास रिजर्वायर का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद हनुमानगढ़ पहुंचेंगे।

## ओडीओपी कार्यशाला में दी उद्योग विभाग की योजनाओं की जानकारी



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राज्य सरकार की ओर से लागू की गई योजनाओं में प्रदत परिलाभों की जानकारी के लिये जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में शनिवार को जिला उद्योग व वाणिज्य केन्द्र की ओर से राजकीय आईटीआई में ओडीओपी कार्यशाला का आयोजन किया गया। उद्योग महाप्रबंधक नानूराम गहनोलिया ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए राज्य सरकार की ओर से जारी की गई राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना 2024 के अन्तर्गत मिलने वाले परिलाभों जैसे स्टाम्प ड्यूटी में छूट, कंवर्जन चार्जेज में छूट, निवेश अनुदान, इलेक्ट्रीसिटी ड्यूटी में छूट, मण्डी फीस पूर्नभरण, ब्याज अनुदान आदि के संबंध में जानकारी दी और राज्य में विभिन्न सेक्टर्स में निवेश को बढ़ावा देने व रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए सरकार की ओर से जारी की गई ऋण योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, विश्वकर्मा युवा उद्यमी योजना और राजस्थान एमएसएमई पॉलिसी 2024, राजस्थान ओडीओपी पॉलिसी 2024 व राजस्थान निर्यात संवर्द्धन पॉलिसी 2024 से मिलने वाले परिलाभ जैसे मार्केटिंग असिस्टेंस, ई-कॉमर्स रजिस्ट्रेशन/वेबसाईट डेवलमेंट, टेक्नॉलॉजी एक्वीजिशन आदि के संबंध में व्यापक जानकारी दी गई और योजनाओं के आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज के संबंध में भी आगन्तुकों को अवगत करवाया। एलडीएम राहुल गोले ने योजनाओं में प्राप्त आवेदनों पर बैंक की प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर धर्मेन्द्र बुडानिया ने अपने अनुभव साझा करते हुए युवाओं को स्वयं का उद्यम स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यशाला में संस्थान के छात्र-छात्राओं सहित राजकुमार, इरशाद, रवि, महावीर सिंह, अनिल कुमार सैनी, रीटा दानोदिया आदि उपस्थित रहे।

## कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने किया रेडक्रॉस कार्यालय का उदघाटन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय स्थित गढ़ परिसर में इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के कार्यालय का उद्घाटन शुक्रवार शाम जिला कलेक्टर व इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के पदेन प्रेसिडेंट अभिषेक सुराणा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर सुराणा ने रेडक्रॉस की ओर से किए जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर पूर्व सभापति रामगोपाल बहड़ व उपाध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा ने पुष्प गुच्छ भेंट कर जिला कलेक्टर का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी मनोज शर्मा, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी अहसान गौरी, डीपीएमओ संग्राम सिंह, डॉ. किशनसिंह भी मंचस्थ अतिथि रहे। इस दौरान प्रेसिडेंट अभिषेक सुराणा की अध्यक्षता में रेडक्रॉस की कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया। सचिव रघुनंदन शर्मा ने समिति के क्रियाकलापों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष बालकृष्ण बंसिया, छतर सिंह डागा, जगदीश सराफ, राजेश मंडावेवाला, राजकुमार भालेरी वाला, रामावतार शर्मा, सुनील रंजन टकणेत, रामेश्वर पंवार, सत्यनारायण व्यास, प्रमोद शर्मा, बाबू पाटिल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सोसायटी के जगदीश शर्मा ने किया।

## डोकन में फोरलेन सड़क के नक्शे पर बवाल

### ग्रामीणों ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**पाटन(निंस.)।** नीमकाथाना कोटपूतली फोरलेन सड़क निर्माण के प्रस्तावित नक्शे को लेकर डोकन गांव में शनिवार को ग्रामीणों का आक्रोश देखने को मिला। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने विरोध-प्रदर्शन करते हुए प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई और एडीएम को ज्ञापन सौंपकर सड़क के नक्शे में बदलाव की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि फोरलेन सड़क का जो वर्तमान संरेखण प्रस्तावित किया गया है, उससे मीठाराम मंदिर की भूमि प्रभावित हो रही है और गांव के सार्वजनिक जोहड़ को भी नुकसान पहुंचने की आशंका है। उनका कहना है कि अन्य स्थानों पर सड़क निर्माण के दौरान दोनों ओर से समान दूरी लेकर भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है, लेकिन डोकन में ऐसा नहीं किया जा रहा, जिससे मंदिर और जोहड़ की जमीन खतरे में पड़ सकती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि सड़क का मार्ग अन्य स्थानों की तरह यहां भी दोनों ओर से बराबर दूरी लेकर तय किया जाए, ताकि मीठाराम मंदिर और सार्वजनिक जोहड़ सुरक्षित रह सकें। ग्रामीणों का कहना है कि जोहड़ केवल जल प्रबंधन का स्रोत ही नहीं, बल्कि गांव की आस्था से भी जुड़ा महत्वपूर्ण स्थल है। ऐसे में इसे नुकसान पहुंचना पूरे गांव के लिए चिंता का विषय है। कुछ ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रशासन जानबूझकर सार्वजनिक जोहड़ को प्रभावित करने वाले मार्ग से सड़क निकालने का प्रयास कर रहा है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उचित समाधान नहीं निकाला गया और नक्शे में बदलाव नहीं किया गया तो गांववासी बड़े स्तर पर धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। इस दौरान मिठाराम मंदिर के महंत बजरंगदास महाराज, कांग्रेस नेता एवं पर्यावरण प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी, सरपंच बलराम गिराटी, भाजपा नेता एवं पूर्व सरपंच भंवर सिंह, एडवोकेट रामजीलाल गुर्जर, विक्रम डोई, हेमराज गुर्जर, रामोतार मीणा, अश्वनी भारद्वाज, कृष्णा कुमावत, रामौतार हरिजन, बीरदीचंद कुमावत, मालीराम हरिजन, दीपचंद हरिजन, पूर्व सरपंच शंकरलाल हरिजन, वीरेंद्र कुमावत सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## सरदार शहर में दुष्कर्म का मामला दर्ज

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** पुलिस थाना क्षेत्र की एक 19 वर्षीय युवती ने एक जाने के खिलाफ घर में घुसकर दुष्कर्म करने के आरोप में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार युवती ने मामला दर्ज करवाया है कि सोयल नाम का लड़का पिछले काफी समय से मुझे तंग परेशान करता रहा है। जब भी मैं घर से बाहर जाती हूं तो मेरा पीछा करता है और कहता है कि जैसा कहता हूं वैसा कर वरना तेरे परिवार को बर्बाद कर दूंगा। मैंने यह बात डर के मारे किसी को नहीं बताई। 4 और 5 मार्च की मध्य रात्रि को मैं अपने घर पर सो रही थी। उसी वक्त करीब डेढ़ बजे मैं बाथरूम के लिए गई तो मोहल्ले का वह लड़का नाजायज रूप से घर में प्रवेश करके मुझे डराकर मेरे साथ दुष्कर्म किया। मैंने शोर मचाया तो मेरी माता और मेरे चाचा आ गए तो वह लड़का मुझे छोड़कर भाग गया। मेरे चाचा ने उस लड़के को पकड़ने का प्रयास किया तो उसने मेरे चाचा को धक्का दिया। जिससे मेरे चाचा के चोट आई है। वहीं पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अवैध शराब ब्रांच हटाने की मांग, ग्रामीणों ने एसडीएम-थानाधिकारी को ज्ञापन सौंपा, आंदोलन की दी चेतावनी

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** तहसील के अजीतसर गांव में आबादी क्षेत्र में संचालित अवैध शराब की ब्रांच हटाने की मांग तेज हो गई है। शनिवार को ग्राम पंचायत अजीतसर के ग्रामीणों ने एसडीएम और थानाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन करेंगे। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि गांव के बीच में भैराराम देहडू और भंवलाल देहडू की ओर से दो स्थानों पर अवैध रूप से शराब की ब्रांच संचालित की जा रही हैं। इनकी मूल शाखा राणासर बीकान में बताई जा रही है। आबादी क्षेत्र में अवैध रूप से शराब की ब्रांच चलने के कारण गांव में लगातार विवाद और मारपीट की घटनाएं सामने आ रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जहां शराब की ब्रांच संचालित हो रही है। उसके निकट ही राजकीय विद्यालय और धार्मिक स्थल स्थित हैं। ऐसे में यहां शराब का ठेका होने से धार्मिक आस्था को ठेस पहुंच रही है और छात्र-छात्राओं तथा महिलाओं को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है और शराब के नशे में लोग राहगीरों के साथ अभद्रता व गाली गलौज करते हैं। जिससे गांव का माहौल खराब हो रहा है। इस संबंध में सरदारशहर एसडीएम और थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने बताया कि ग्रामीणों की ओर से दिए गए ज्ञापन की सूचना आबकारी विभाग के उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी। मामले में उचित कार्रवाई की जा सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो समस्त ग्रामवासी आबकारी आयुक्त का पुतला दहन कर उग्र प्रदर्शन करेंगे। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान रूकमानंद सारण, सुरेंद्र देहडू, ताराचंद देहडू, मेघाराम जाखड़, हरिराम जाखड़, मनीराम बुड़िया, राजू पहलवान, मांगीलाल बुड़िया, रामस्वरूप बुड़िया, रामेश्वरलाल बुड़िया, रामलाल जाखड़, गणेशाराम जाखड़, सुनील सैनी, तिलोकाराम देहडू, मूलचंद देहडू, हजारीमल देहडू, लूणाराम जाखड़, महावीर जाखड़, बजरंगलाल जाखड़, मनीराम देहडू, मनीराम जाखड़, इंद्राज भाम्भू, सीताराम देहडू, शिशपाल जाखड़, हड़मानाराम जाखड़ सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।




स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।